मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 22

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com

जयपुर, रविवार, 14 दिसम्बर, 2025


जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



12

## पंचायत निकाय चुनाव की तैयारियां : निर्वाचन आयोग से नहीं मिल पाएंगी ढाई लाख ईवीएम

# फिलहाल समय पर नहीं हो पाएंगे पंचायत चुनाव



**वोटर लिस्ट 7 फरवरी को हो जाएगी जारी**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार ने पंचायत और निकायों के चुनाव मार्च-अप्रेल महीने में दो चरणों में कराने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के चुनावों के लिए निर्वाचन आयोग दिल्ली से ढाई लाख ईवीएम की मांग पर फिलहाल आयोग ने ईवीएम देने में असमर्थता जता दी है। हालांकि एसआईआर के तहत 7 फरवरी को वोटर लिस्ट भी जारी होनी है।

पंचायतीराज त्रिस्तरीय व्यवस्था में पंचायतों में पंच-सरपंच, पंचायत समिति और जिला परिषदों में सदस्य, प्रधान, जिला प्रमुख के चुनाव कराने पर काम शुरू कर दिया गया है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और मुख्यमंत्री कार्यालय के बड़े अफसर कई बार बैठकें करके मार्च के आखिरी हफ्ते से अप्रेल में पंचायत चुनाव कराने की कवायद कर रहे हैं। ये अफसर पंचायतीराज और ओबीसी आयोग के साथ भी बैठकें कर चर्चा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने पंचायतीराज विभाग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों को पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद वार्डों का पुनर्गठन करने संबंधी निर्देश पत्र भेजने की तैयारी की है, जिसके तहत जनवरी माह तक पंचायतीराज पदों के वार्डों का पुनर्गठन करने पर काम चल रहा है। नगर निकायों के वार्डों का पहले ही पुनर्गठन नोटिफिकेशन जारी हो चुका है।

### निर्वाचन आयोग ने दिया झटका

इन्हीं तैयारियों के बारे में राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने हाल ही भारत निर्वाचन आयोग दिल्ली को पत्र लिखकर चुनाव के लिए 2.50 लाख ईवीएम मशीनें मांगी थीं, लेकिन दिल्ली से आयोग ने कई राज्यों में स्थानीय चुनावों के कार्यक्रमों को देखते हुए फिलहाल मार्च-अप्रेल में ईवीएम देने में असमर्थता जाहिर कर दी है। दिल्ली के आयोग के इस झटके के बाद राज्य आयोग ने सीएस और सीएमओ अफसरों को इस बारे में जानकारी उपलब्ध करा दी है।

### इनका कहना है..

पंचायत-निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए आयोग और सरकार में अभी कई स्तर पर चर्चाएं जारी हैं। तैयारियों से पहले ईवीएम के लिए हमने निर्वाचन आयोग दिल्ली को पत्र लिखकर आग्रह किया है। पंचायत निकायों में वन स्टेट वन इलेक्शन फॉर्मूले के तहत कई प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास जारी है। सरकार से कई मुद्दों पर चर्चा के बाद चुनावों के बारे निर्णय लिया जाएगा।

**राजेश्वर सिंह,**
आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग

## मुख्यमंत्री आज जलमहल की पाल पर करेंगे श्रमदान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वायत्त शासन विभाग एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों, जिलों एवं पंचायत स्तर पर 14 दिसंबर को स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के जलमहल की पाल पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश देंगे। इसी प्रकार, समस्त जिलों एवं पंचायत स्तर पर पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों, स्मारकों, शिक्षण संस्थानों, चौपाटी, तालाबों व बावड़ियों में साफ-सफाई की जाएगी। इस दौरान आमजन स्वच्छ राजस्थान बनाने का संकल्प लेंगे। यह संयुक्त प्रयास स्वच्छता कार्यक्रम को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेगा। इस अभियान के तहत स्वच्छता रैलियां, शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता सत्र, वार्ड-स्तरीय स्वच्छता शपथ, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण संबंधी अभियान, बाजारों में विशेष सफाई ड्राइव तथा प्लास्टिक-मुक्त शहरों के लिए जन-जागरण कार्यक्रम होंगे। वहीं स्वयंसेवी संस्था, वार्ड समिति, महिला समूह, युवा क्लब तथा आम नागरिक अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

## संघ के सरसंघचालक ने स्वामी विवेकानंद के संदेश से प्रेरणा लेने को कहा

# वैश्विक मान्यता शक्ति से होती है निर्धारित : भागवत

### अंडमान और निकोबार में विराट हिंदू सम्मेलन समिति की जनसभा आयोजित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को हिंदू समाज से स्वामी विवेकानंद के उस संदेश से प्रेरणा लेने का आग्रह किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रत्येक राष्ट्र का एक मिशन होता है, जिसे पूरा करना होता है और एक नियति होती है, जिसे प्राप्त करना होता है।

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अंडमान-निकोबार के श्री विजय पुरम स्थित नेताजी स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए सांस्कृतिक गौरव और देशभक्ति का आह्वान किया। भागवत ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक मान्यता केवल सत्य से नहीं, बल्कि शक्ति से निर्धारित होती है। विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है। जिसके पास ताकत है, दुनिया उसको मानती है... भले मन से स्वीकार नहीं करे, लेकिन मानती अवश्य है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत समाज के निर्माण और राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एकता आवश्यक है। डॉ. भागवत के मुताबिक अगर हिंदू जागेंगे, तो दुनिया जागेगी। दुनिया मानती है कि भारत ही रास्ता दिखाएगा। समस्याओं पर समय बर्बाद करने के स्थान पर हमें समाधान खोजना चाहिए। किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए शक्ति की आवश्यकता होती है। शक्ति केवल एकता से ही आती है।



### देशभक्ति एक नागरिक कर्तव्य

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि एक मजबूत और स्वस्थ समाज के निर्माण के प्रयास घर से ही शुरू होने चाहिए। उन्होंने कहा, अपने पड़ोस में दोस्त बनाओ, परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताओ और नियमित रूप से पारिवारिक सभाएं आयोजित करो। विशेष अवसरों पर पारंपरिक पोशाक पहनने और परिवार के रूप में एक साथ खाने पर गर्व महसूस करो। अपनी संस्कृति से प्यार करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि यह तय करने का समय है कि हम अपने घरों में स्वामी विवेकानंद का तस्वीर चाहते हैं या माइकल जैक्सन की फोटो। देशभक्ति एक नागरिक कर्तव्य है।

### 'टकराव हमेशा जवाब नहीं'

संबोधन के दौरान सरसंघचालक ने कहा कि टकराव या लड़ाई हमेशा जवाब नहीं होता है। उन्होंने इस बात के संदर्भ में महाभारत में भगवान कृष्ण और एक राक्षस के बीच हुए युद्ध का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि अर्जुन और सात्यकि ने राक्षस से लड़ने की कोशिश की, लेकिन हर वार के साथ वह बड़ा होता गया। इसके बाद कृष्ण ने हस्तक्षेप किया और उन्होंने टकराव से बचने की कोशिश की। उन्होंने बिना लड़ाई के राक्षस को वश में करने के लिए अपने दिमाग का इस्तेमाल किया। भागवत ने कहा कि सबक यह है कि हर समस्या के लिए बल की आवश्यकता नहीं होती है। समाधान स्थिति को समझने पर निर्भर करता है।

## राजस्थान सरकार के फैसले पर राज्यपाल ने लगाई मुहर, जन विश्वास अध्यादेश को दी मंजूरी

### तीन कानूनों से सजा का प्रावधान हटा, लेकिन अपराध पर बढ़ा जुर्माना



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कैबिनेट की 3 दिसंबर को हुई बैठक में भजनलाल सरकार ने कई अहम निर्णय लिए। इन निर्णयों पर राज्यपाल ने मुहर लगा दी है। कैबिनेट की बैठक में जनता को राहत देने के लिए 11 कानूनों में बदलाव को लेकर जन विश्वास अध्यादेश लाया गया। इस अध्यादेश को राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े ने मंजूरी दे दी है। राज्यपाल की मंजूरी मिलने के साथ 11 कानूनों के प्रावधानों में संशोधन लागू हो गया। इनमें से 3 कानूनों से सजा को हटाने का प्रावधान किया गया है। सजा के स्थान पर अब केवल जुर्माना ही वसूला जाएगा।

### जनविश्वास अध्यादेश मंजूर होने पर क्या-क्या बदलाव हुए

- पुराने कानून में पानी की बर्बादी, सीवरेज लाइन में रुकावट डालने या बिना अनुमति के सीवरेज लाइन में कनेक्शन जोड़ने पर जेल की सजा का प्रावधान था। इन अपराधों पर अब जेल भेजने के बजाए जुर्माना राशि वसूले जाने का प्रावधान किया गया है।
- वन क्षेत्र की भूमि में मवेशी चराने का अपराध करने पर अब तक छह माह की जेल की सजा और पांच सौ रुपए के जुर्माने का प्रावधान था। अब जेल का प्रावधान हटा लिया गया है। केवल जुर्माने का प्रावधान रखा गया है।
- वन संपदा को नुकसान पहुंचाने पर अब तक छह महीने की सजा का प्रावधान था। लोगों को राहत देते हुए अब सजा के प्रावधान को हटाकर पांच हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान कर दिया गया है।
- पेड़ काटने पर अब तक सौ रुपए के जुर्माने का प्रावधान था। अब इस जुर्माना राशि को सौ रुपए से बढ़ाकर एक हजार रुपए कर दिया गया है।
- राजस्थान राज्य सहायता (उद्योग) अधिनियम-1961 में सहायता प्राप्त करने वाले उद्योग के प्रभारी द्वारा किए जाने वाले मामूली अपराधों पर जेल की सजा का प्रावधान भी हटा दिया गया है। अब प्रभारी द्वारा बहीखाते, खाते और अन्य दस्तावेज निरीक्षण के लिए प्रस्तुत नहीं करने पर जेल के प्रावधान के बजाए केवल जुर्माने का प्रावधान रखा गया है।
- जयपुर वाटर सप्लाय एंड सीवरेज बोर्ड अधिनियम-2018 में भी संशोधन किया गया। अब तक जल की बर्बादी, दुरुपयोग, गैर-घरेलू कार्यों के लिए उपयोग पर कारावास का प्रावधान था। अब कारावास के बजाए केवल जुर्माना वसूलने का प्रावधान रखा गया है।

## अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनल मेसी के दौरे पर स्टेडियम में तोड़फोड़

### पुलिस ने कार्यक्रम के मुख्य आयोजक को किया गिरफ्तार



महानगर टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के कार्यक्रम में नाराज फैंस ने जमकर तोड़फोड़ कर दी। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। फैंस की नाराजगी इस कदर हावी थी, उन्होंने पूरे स्टेडियम को तहस-नहस कर दिया। इस बीच कोलकाता पुलिस ने कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शतद्रु दत्त को गिरफ्तार कर लिया है। प्रसिद्ध फुटबॉलर मेसी के इवेंट में हुई अफरा-तफरी को लेकर कानून व्यवस्था के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जावेद शमीम का कहना है कि अब स्थिति सामान्य है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मुख्य आयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आयोजक वादा कर रहे हैं कि वे (टिकट शुल्क प्रशंसकों को) वापस कर देंगे। पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने घटनाक्रम की विस्तृत जांच का आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## अब 100 नहीं, 125 दिन मिलेगा मनरेगा में कार्य !

**नई दिल्ली (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** केंद्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 में अहम बदलाव करने का फैसला किया है। इसका नाम अब 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' कर दिया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद वर्करों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने में काफी मदद मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में तय किया गया कि मनरेगा कानून के तहत एक वित्तीय वर्ष में मौजूदा कम से कम 100 दिनों की रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर कम से कम 125 दिन किया जाएगा। कैबिनेट ने मौजूदा कानून में संशोधन करने के लिए नया बिल लाने का फैसला किया है, जिसे संसद के शीत सत्र के दौरान पेश किया जा सकता है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा) एक मांग-आधारित मजदूरी रोजगार योजना है। जहिर है नए मनरेगा बिल को संसद की मंजूरी मिलने के बाद ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर और बेहतर होंगे।

## राज्यस्तरीय समारोह में सड़क सुरक्षा जन-जागृति रथों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

# आमजन को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जयपुर के जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति पर आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान के राज्यस्तरीय समारोह में शिरकत की। उन्होंने इस दौरान सड़क सुरक्षा अभियान से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया तथा उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। सीएम शर्मा ने कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा जन-जागृति रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने 500 ऑटोरिक्शा को भी फ्लैग ऑफ किया। ये सभी वाहन विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आमजन को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करेंगे। सीएम शर्मा ने इस अवसर पर दिव्यांगजनों को हेलमेट वितरण किया तथा व्यवसायिक वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाई। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा का संदेश देने वाले गुब्बारे हवा में छोड़कर आमजन को जागरूक किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी, बड़ी संख्या में स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं आमजन उपस्थित रहे।





### मुख्यमंत्री ने घायलों की जान बचाने वालों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वाले नागरिकों को सम्मानित किया। सीएम शर्मा ने इन जीवन रक्षकों का हौसला बढ़ाते हुए उनके नेक कार्य की सराहना की। सम्मानित होने वालों में संदीप गुप्ता, नितेश यादव, सुनील सिरवी, संजय कुमार एवं सुरता देवी शामिल रहे।

## 'पाकिस्तान से कनेक्शन' के आरोप में असम की महिला गिरफ्तार

### 17 बैंक अकाउंट और 44 एटीएम कार्ड बरामद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**गुवाहाटी।** असम के सोनितपुर जिले की पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तानी लिंक, दुबई में गुप्त शादी और विदेशी फंड से जुड़े संदिग्ध बैंक लेन-देन के आरोप हैं। पुलिस के मुताबिक महिला की पहचान ज्योतिका कालिता के रूप में हुई है, उसे 5 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया और बाद में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच में सामने आया कि ज्योतिका के कई बैंक खातों में बड़े पैमाने पर विदेशी फंड का लेन-देन हुआ है। पुलिस को ज्योतिका से जुड़े 17 बैंक खाते मिले हैं, जिनमें कथित तौर पर बड़ी रकम जमा की गई थी। अधिकारियों ने 44 एटीएम कार्ड और कई चेक-बुक भी जब्त की हैं।



### मनी लॉन्ड्रिंग के संदेह में पूछताछ

पुलिस ने बताया कि महिला के साथ उसके भाई समेत चार अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि विदेशी स्रोतों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के संदेह में उससे पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि ज्योतिका ने दुबई में काम करते समय चुपके से एक पाकिस्तानी नागरिक रमजान मुहम्मद से शादी कर ली थी, इस आरोप को उसके परिवार ने भी स्वीकार किया है। पुलिस ने पाकिस्तानी व्यक्ति को दुश्मन देश का निवासी बताया है।

## असम में पहली बार सीएए के तहत मिली नागरिकता

# बांग्लादेश से आई महिला बनी भारतीय नागरिक

महानगर टाइम्स संवाददाता

**दिसपुर।** असम के श्रीभूमि जिले में रहने वाली 40 वर्षीय एक महिला को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता प्रदान की गई है। यह असम में सीएए के अंतर्गत नागरिकता पाने वाली पहली महिला है और राज्य में रजिस्ट्रेशन रूट से नागरिकता हासिल करने वाली भी पहली व्यक्ति मानी जा रही है। यह महिला 2007 में बांग्लादेश से भारत आई थी और श्रीभूमि जिले में रह रही थी। गौरतलब है कि श्रीभूमि जिले का नाम पहले करीमगंज था।

वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व विदेशी न्यायाधिकरण सदस्य धर्मानंद देब ने इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला अब बनर्जी उपनाम का उपयोग करती है। वह वर्ष 2007 में बांग्लादेश से सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के लिए एक रिश्तेदार के साथ सिलचर पहुंची थी। इसी दौरान उनकी मुलाकात श्रीभूमि जिले के एक स्थानीय युवक से हुई, दोनों ने विवाह किया और महिला भारत में ही रहने लगी। बाद में दंपती को एक बेटा भी हुआ। हालांकि महिला का परिवार अब भी बांग्लादेश के चटगांव में रहता है, लेकिन वह लंबे समय से भारतीय नागरिकता प्राप्त करने की इच्छा रखती थी। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियम अधिसूचित होने के बाद उन्होंने पिछले साल जुलाई में नागरिकता के लिए आवेदन किया।




### कानूनी प्रावधानों के तहत मिली नागरिकता

वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मानंद देब ने बताया कि महिला को नागरिकता-नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 5(1)(सी) को धारा 6 के तहत दी गई है। इस प्रावधान के तहत किसी भारतीय नागरिक से विवाह करने वाला व्यक्ति यदि वह भारत में कम से कम सात वर्ष तक निवास कर चुका हो, तो पंजीकरण के माध्यम से भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि असम में यह पहला मामला है, जिसमें सीएए के तहत रजिस्ट्रेशन रूट से नागरिकता दी गई है।

### एक अन्य व्यक्ति को भी मिली नागरिकता

इस महिला के अलावा कछार जिले के 61 वर्षीय एक पुरुष को भी सीएए के तहत भारतीय नागरिकता प्रदान की गई है। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को दोनों को नागरिकता प्रमाण पत्र जारी किए। नागरिकता को उनके भारत में प्रवेश की तिथि से प्रभावी माना गया है। भावित सामाजिक उत्पीड़न को देखते हुए दोनों नए नागरिकों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

# राजस्थान हाईकोर्ट अब महीने में दो शनिवार खुलेगा

### जैसलमेर में वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

### फुल कोर्ट मीटिंग में हुआ फैसला, साल में 24 दिन ज्यादा हो सकेगा काम

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** राजस्थान हाईकोर्ट अब हर महीने के दो शनिवार खुला रहेगा। इससे सालभर में 24 दिन ज्यादा काम हो सकेगा। लंबित मामलों को निपटाने में तेजी आएगी। यह निर्णय जैसलमेर में वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस में आयोजित फुल कोर्ट मीटिंग में सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की मौजूदगी में लिया गया।



फुल कोर्ट मीटिंग में माना गया कि अदालतों में लगातार बढ़ रहे मामलों के दबाव को देखते हुए न्यायिक समय का विस्तार जरूरी हो गया है। महीने के दो शनिवार हाईकोर्ट खुलने से ना केवल लंबित मामलों की संख्या घटेगी, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी, तेज और समयबद्ध बन सकेगी। यह फैसला आम लोगों के हित में अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे उन्हें समय पर न्याय मिलने की प्रक्रिया तेज होगी।

### न्यायिक अधिकारी जितेंद्र सिंह गुलेरिया होंगे बर्खास्त

जैसलमेर में हुई फुल कोर्ट मीटिंग में एक न्यायिक अधिकारी की बर्खास्तगी और दो अधिकारियों के एक्सटेंशन को लेकर निर्णय लिया गया। इस दौरान बताया कि न्यायिक अधिकारी जितेंद्र सिंह गुलेरिया को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा, जिससे यह स्पष्ट संदेश गया है कि न्यायिक जवाबदेही से कोई भी ऊपर नहीं है। वहीं 2022 बैच के एडीजे (सीधी भर्ती) बने न्यायिक अधिकारियों में से लोकेंद्र सिंह शेखावत और विवेक त्रिपाठी का कन्फर्मेशन किए जाने को स्वीकृति दी गई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में हुई पूर्ण पीठ बैठक में न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक के बेहतर उपयोग, ई-कोर्ट प्रणाली को मजबूत करने और डिजिटल फाइलिंग पर जोर दिया गया।

### न्यायिक सुधार और तकनीक के बेहतर उपयोग पर चर्चा

बैठक में न्यायिक कार्यप्रणाली, लंबित प्रकरणों के निपटारे, तकनीक के बेहतर उपयोग और लोगों को जल्द न्याय उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। न्यायिक अधिकारियों ने डिजिटल सिस्टम, ई-कोर्ट और तकनीक आधारित समाधान को और मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया।

# सीके बिरला हॉस्पिटल्स में हुआ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

## पुलक सागर महाराज के दीक्षा दिवस पर हुआ आयोजन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आचार्य गुरुदेव पुलक सागर महाराज के दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में सीके बिरला हॉस्पिटल्स, जयपुर द्वारा पुलक मंच परिवार के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीके बिरला हॉस्पिटल्स, जयपुर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल शर्मा ने 'स्वस्थ हृदय' विषय पर व्याख्यान दिया।



डॉ. राहुल शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में हृदय रोगों का मुख्य कारण असंतुलित जीवनशैली, तनाव और अनियमित दिनचर्या है। उन्होंने आमजन से नियमित व्यायाम, संतुलित आहार तथा समय-समय पर हृदय जांच कराने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया।

## सिविल लाइंस विधायक ने किया भाजपा बनीपार्क मंडल कार्यालय दीनदयाल भवन का उद्घाटन, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# स्व-अनुशासन और एकजुटता ही भाजपा की शक्ति : गोपाल शर्मा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने शनिवार को पूजा-अर्चना एवं विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ भाजपा बनीपार्क मंडल कार्यालय, पंडित दीनदयाल भवन का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि विधायक शर्मा ने कहा कि भाजपा संगठन की रीति-नीति, अनुशासन और एकजुटता ही सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने और जनता से सघन संपर्क करने का आह्वान किया। विधायक शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रचार रथों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार द्वारा राजस्थान में दो वर्षों में किए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और जनसेवा के प्रयासों को क्षेत्र की गली-गली और घर-घर पहुंचाकर जनता को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश को प्रगति और समृद्धि की नई दिशा देने का कार्य किया है। इससे पूर्व समारोह में मंडल अध्यक्ष निखिल वर्मा ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। समारोह में जय श्रीराम और भारत माता की जय के जयघोष गूंजे तथा सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में निकाय चुनाव में ऐतिहासिक विजय का संकल्प लिया। इस अवसर पर बनीपार्क मंडल की संपूर्ण कार्यकारिणी, पार्षद चेयरमैन, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, वार्ड अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।





## फर्जी और वीआईपी नंबर प्लेट प्रकरण : 6 जिलों में एक साथ छापे

# परिवहन विभाग ने 200 और वाहनों के नंबर किए रद्द

## तीन आरटीओ कर्मियों से पूछताछ, दलालों के ठिकानों से फर्जी प्लेटें जब्त

महानगर टाइम्स संवाददाता



फाइल फोटो

**जयपुर।** प्रदेश में फर्जी और वीआईपी नंबर प्लेट प्रकरण में शनिवार को भी कार्रवाई जारी रही। परिवहन विभाग ने अतिरिक्त 200 वाहनों के पंजीकरण तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए हैं, जबकि 6 जिलों जयपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर, अलवर और सीकर में एक साथ विशेष जांच व छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन आरटीओ कर्मचारियों को मामले में संदिग्ध पाए जाने पर जांच शुरू की गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार इन पर वीआईपी और थ्री-डिजिट नंबर अवैध रूप से जारी कराने में भूमिका का संदेह है। शनिवार को परिवहन विभाग ने कार्रवाई में जयपुर और कोटा में फर्जी एचएसआरपी जैसी दिखने वाली नंबर प्लेट तैयार करने वाली दो अवैध यूनिट्स पकड़ी।

जानकारी के अनुसार यहां से करीब 350 फर्जी नंबर प्लेटें, स्टिकर, होलोग्राम शीट और प्रिंटर जब्त किए हैं। पुलिस ने इस मामले में चार दलालों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है। अधिकारियों के मुताबिक ये दलाल मनचाहे वीआईपी नंबर दिलाने के नाम पर 2 से 10 लाख रुपए तक वसूली कर रहे थे और बाद में फर्जी प्लेट लगवाकर वाहन सड़क पर उतार देते थे।

### शुरू हुई री-वेरिफिकेशन ड्राइव

परिवहन विभाग ने शनिवार से राज्यभर में 'री-वेरिफिकेशन ड्राइव' शुरू कर दी है। इसके तहत 2015 से 2024 तक जारी सभी वीआईपी नंबरों की दोबारा जांच, ई-ऑक्शन डेटा और फिजिकल फाइल का क्रॉस वेरिफिकेशन, संदिग्ध पाए जाने पर तुरंत पंजीकरण निलंबन किया गया। पहले ही दिन करीब 1,100 नंबरों को संदेह की श्रेणी में डाला गया है। आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत के अनुसार फर्जी और वीआईपी नंबरों को लेकर दोषी चाहे अधिकारी हो या वाहन मालिक किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## शनिदेव एवं हनुमान मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव आयोजित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** डालडा फैक्ट्री रोड, दुर्गापुरा स्थित श्री सूर्यपुत्र शनिदेव एवं दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया।

प्रातः श्री शनिदेव भगवान का तेल अभिषेक हुआ। शाम को 5 बजे श्रृंगार झांकी सजाई तथा भगवान श्री शनि देव की आरती हुई। आरती के बाद सभी भक्त जनों को पौषबड़ा की प्रसादी वितरित की गई।

## एसएमएस की इमरजेंसी में राम भरोसे हार्ट पेशेंट

# सिस्टम छुट्टी पर और मरीज प्राइवेट लैब के हवाले

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह (एसएमएस) की इमरजेंसी इन दिनों खुद वेंटिलेटर पर दिख रही है। हालात ऐसे हैं कि जहां एक ओर हार्ट फेलियर जैसे जानलेवा मामलों की संख्या सर्दी के मौसम में तेजी से बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर इमरजेंसी में जरूरी एनटी-प्रोबीएनपी जांच ही ठप पड़ी है। वजह कोई तकनीकी खराबी नहीं, बल्कि सिस्टम की वही पुरानी बीमारी लापरवाही।

इमरजेंसी में आने वाले गंभीर हार्ट मरीजों को सरकारी जांच की जगह बाहर प्राइवेट लैब में भेजा जा रहा है। मजबूरी यह कि अस्पताल में जांच की किट उपलब्ध होने के बावजूद उसे स्टोर से मंगाने वाला कोई जिम्मेदार मौजूद नहीं है। नतीजा यह कि बुजुर्ग और गरीब मरीज 2200 से 2600 रुपए तक जेब ढीली कर जांच करवाने को मजबूर हैं। सवाल यह है कि जब किट स्टोर में पड़ी है तो फिर मरीजों की जेब क्यों काटी जा रही है?

तेज सर्दी में सांस फूलने, सीने में दर्द और हार्ट फेलियर के लक्षण लेकर रोजाना बड़ी संख्या में मरीज एसएमएस की इमरजेंसी पहुंच रहे हैं। सामान्य तौर पर ऐसे मामलों में ट्रॉप-टी और एनटी-प्रोबीएनपी जैसी जांच तुरंत की जाती है, ताकि समय रहते इलाज शुरू हो सके, लेकिन यहां तो सिस्टम ही छुट्टी पर है। लापरवाही की कहानी और भी चौंकाने वाली है। जांच किट मंगवाने की जिम्मेदारी नर्सिंग स्टाफ की थी। नर्सिंग इंचार्ज गोवर्धन छुट्टी पर गए तो चार्ज विजय को सौंपा, लेकिन विजय भी बिना चार्ज दिए छुट्टी पर रवाना हो गए। दो छुट्टियों के बीच सिस्टम लटका और मरीज पिसते रहे। सवाल उठता है कि क्या एसएमएस जैसे संस्थान की इमरजेंसी भी 'नो चार्ज' के भरोसे चलती है?

इमरजेंसी इंचार्ज डॉ. सतीश मीणा का कहना है कि उन्होंने चार्ज संभालते ही स्टोर से किट जारी करने के निर्देश दे दिए हैं और जल्द जांच फिर शुरू होगी। लेकिन बड़ा सवाल अब भी कायम है जब तक मरीज आवाज ना उठाएं, क्या तब तक प्रशासन यूं ही आंखें मूंदे बैठा रहेगा? प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल की इमरजेंसी अगर इस हाल में है, तो बाकी सिस्टम का हाल समझना मुश्किल नहीं।

# नई दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रव्यापी रैली आज

## राहुल गांधी एसआईआर और वोट चोरी को लेकर सरकार और प्रशासन का करेंगे घेराव




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कांग्रेस की एसआईआर और वोट चोरी राष्ट्रव्यापी रैली रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होगी। दोपहर एक बजे से आयोजित होने वाली इस रैली में देश भर से कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता इकट्ठा होंगे और मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे। इसको लेकर राजस्थान से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता इस रैली में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचेंगे। इसको लेकर राजधानी जयपुर में हर विधानसभा क्षेत्र से 100 गाड़ियां ले जाने का टास्क दिया गया है।

इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से दिल्ली पहुंचने की अपील की। गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने भी जयपुर जाकर रैली की तैयारी को लेकर फीडबैक लिया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, सांसद, प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक, मंडल, बूथ, अग्रिम संगठन और प्रकोष्ठ, विभाग के कार्यकर्ताओं को रविवार दोपहर 1 बजे दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। जयपुर शहर कार्यकारिणी से महासचिव सीताराम नेहरू, ओबीसी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव और मालवीयनगर कांग्रेस प्रत्यासी अर्चना शर्मा ने बताया कि हमें पार्टी की ओर से जो निर्देश दिए गए हैं, हमें फोलो करना हैं। हर विधानसभा वार 100 गाड़ियां ले जाने का लक्ष्य दिया गया है।

# 'विदेश में भी जैनधर्म को अपनाए रखा, यह अत्यन्त अनुमोदनीय'

- गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी के प्रति वर्चुअल विनयांजलि सभा
- 15 से ज्यादा देशों के 300 से अधिक परिवारों ने किया माताजी का गुणानुवाद

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद की ओर से जैन साध्वी गणिनी प्रमुख आर्यिका शिरोमणि ज्ञानमती माताजी के प्रति अंतरराष्ट्रीय विनयांजलि सभा का वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। समस्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रातः 6 से 8.30 बजे तक पारस चैनल के माध्यम से समूचे विश्व में प्रसारित किया गया। युवा परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन प्रकाश जैन के अनुसार सभा में अमेरिका एवं कनाडा से 300 परिवारों ने जुड़कर माताजी के प्रति अपनी भक्ति समर्पित की। राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने अवगत कराया कि दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से अमेरिका के 15 जैन सेंटर्स के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भक्तों द्वारा माताजी के प्रति अपनी-अपनी विनयांजलि अर्पित कर माताजी का गुणानुवाद किया गया। विनयांजलि समर्पण में न्यूजर्सी से विजय भाई शाह (अध्यक्ष-जैन समाज ऑफ यू.एस.ए.), राजीव भाई शाह (सचिव), सनत भाई शाह (उपाध्यक्ष), न्यूयार्क से हिमांशु-मिनाक्षी शाह, कैलिफोर्निया से अशोक सेठी, वाशिंगटन डी.सी. से प्रद्युम्न-धनलक्ष्मी जवेरी, कैरोलिना से कमलेश भाई-तृप्तिबेन शाह, बेला शाह, अटलांटा से सुनील-रितु दोशी, कैलेग्री-कनाडा से तरुण जैन व सुबोध पेरामानू आदि महानुभावों ने विनयांजलि में वक्तव्य प्रस्तुत किए। अंत में ज्ञानमती माताजी ने सभी को हर्षपूर्ण मंगल आशीर्वाद प्रेषित किया और कहा कि आप सभी लोग भारत की धरती से जुड़े हुए हैं, लेकिन विदेश में रहते हुए भी सभी ने अपने भारतीय संस्कार और जैनधर्म को अपने जीवन में बनाए रखा है, यह अत्यन्त अनुमोदनीय है। पूज्य माताजी ने कहा कि इसी प्रकार जैनधर्म की सेवा करके प्रचार-प्रसार और प्रभावना के साथ सभी भक्तजन अपनी आत्मा का कल्याण करते रहें, यही सभी के लिए आशीर्वाद है। अंत में कमल कासलीवाल-मुम्बई शाखा के गौरव अध्यक्ष ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

## अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ का संघर्ष चेतना महाअधिवेशन आज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी एवं उत्पीड़न के विरोध में रविवार को खंडेलवाल ऑडिटोरियम वैशाली नगर जयपुर में संघर्ष चेतना महा अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा ने बताया कि महाअधिवेशन में प्रदेश के सभी 41 जिलों के प्रतिनिधि राजधानी में एकत्रित होकर कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर मंथन कर सरकार की लगातार अनदेखी एवं संवादहीनता पर राज्यव्यापी आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के सभी जिलों में संघर्ष चेतना यात्रा निकालकर सभी जिलों में पहुंचकर कर्मचारियों से संवाद कायम किया था।

# अल्बर्ट हॉल नहीं, विधानसभा में हो बहस : मदन राठौड़

## कांग्रेस के 5 साल बनाम भाजपा के 2 वर्ष पर खुली चर्चा की चुनौती, पीसीसी चीफ डोटासरा पर साधा निशाना

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस के पास अपनी पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल से जुड़े ठोस तथ्य हैं, तो वे अल्बर्ट हॉल में बयानबाजी करने के बजाय विधानसभा में आकर बहस करें। राठौड़ ने कहा कि वे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आग्रह करेंगे कि विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस के 5 साल और भाजपा सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल पर पूरे दिन की विशेष बहस करवाई जाए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के नेता झूठ का पुलिंदा लेकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जिन लोगों ने सत्ता में रहते हुए आपसी कलह और अंतर्कलह में प्रदेश के पांच अमूल्य वर्ष बर्बाद कर दिए, वे जनता के हित में काम कर रही भाजपा सरकार पर निराधार आरोप लगा रहे हैं और विधानसभा में चर्चा से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान राजस्थान महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पेपरलीक, महिला अत्याचार, साम्प्रदायिक तनाव और साइबर अपराध जैसे मामलों में बदहाली के दौर से गुजर रहा था। आज भाजपा सरकार ने इन समस्याओं पर प्रभावी कार्रवाई कर दोषियों को कटघरे में खड़ा किया है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने नीति और कार्यक्रमों के जरिए सभी वर्गों को राहत दी है और कम समय में परिणाम सामने आए हैं।

## राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे : अजमेर-ब्यावर में उपमुख्यमंत्री ने गिनाई उपलब्धियां

# सरकार ने वादे नहीं, बल्कि धरातल पर उतारे काम : दीयाकुमारी

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने अजमेर और ब्यावर में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रमों में शिरकत कर सरकार की उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में सरकार ने वादे नहीं, बल्कि धरातल पर उतरे काम की नीति पर चलते हुए प्रदेश में विकास की नई दिशा तय की है। मीडिया से बातचीत में दीयाकुमारी ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करते हुए अब तक 90 हजार से अधिक नौकरियां दी गई हैं।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में सड़कों की बदहाली और अपराध के बढ़ते आंकड़े आम थे, जबकि वर्तमान सरकार सड़कों के दुरुस्तीकरण के साथ अपराध दर में भी कमी लाई है। पेपर लीक मामलों पर उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में लगातार पेपर लीक हुए, जबकि वर्तमान सरकार ने ना केवल इन पर रोक लगाई, बल्कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई भी की।

### ब्यावर में विकास रथों को दिखाई हरी झंडी



ब्यावर में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने कहा कि सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था में सुधार के चलते प्रदेश में अपराध दर में करीब 19 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इस अवसर पर उन्होंने विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गांव-गांव जाकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। रथों में रखी गई सुझाव पेटियों के माध्यम से जनता के सुझाव आगामी बजट में शामिल किए जाएंगे।

### दियाकुमारी ने शत्रुघ्न गौतम के पिता को अर्पित की श्रद्धांजलि



उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम के आवास पहुंचकर पिता नंदकिशोर गौतम के निधन पर मालपुरा पहुंचकर शोक जताया। उन्होंने नंदकिशोर गौतम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी।

# एयर मार्शल नगेश कपूर ने किया वायु सेना स्टेशन का दौरा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** दक्षिण पश्चिम वायु कमान (एसडब्ल्यूएसी) के वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल नगेश कपूर ने 12-13 दिसंबर को वायु सेना स्टेशन जयपुर का दौरा किया। इस दौरान एयर मार्शल ने स्टेशन की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान एयर वॉरियर्स द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और उच्च स्तर की ऑपरेशनल तत्परता बनाए रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग और सुरक्षा के प्रति जागरूकता पर भी जोर दिया। उनके आगमन पर स्टेशन कमांडर ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज ने उनका स्वागत किया।

### जयपुर में कानून-व्यवस्था और मजबूत बनाने के लिए पुलिस थानों में पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में अहम कदम

# पुलिस थानों में चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे बने निगरानी का कवच

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। राजधानी जयपुर में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क अब एक अहम हथियार बनता जा रहा है। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले अधिकांश थानों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं, जिनका उद्देश्य न सिर्फ अपराध नियंत्रण है, बल्कि पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना और आमजन का भरोसा बढ़ाना भी है। पुलिस मुख्यालय स्तर पर यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप लागू की गई है, जिसके तहत हर पुलिस थाने के प्रवेश द्वार, रिसेप्शन, हवालात, परिसर और प्रमुख कार्य क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाना निवार्य किया गया है।

**थानों में सीसीटीवी का दायरा लगातार बढ़ा :** जयपुर शहर के उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम सभी जिलों में स्थित थानों में चरणबद्ध तरीके से कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अधिकांश थानों में एक से अधिक कैमरे लगाए गए हैं, ताकि हर गतिविधि रिकॉर्ड हो सके। हालांकि, अभी भी कुछ पुराने थानों में तकनीकी उन्नयन और अतिरिक्त कैमरों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके लिए नई परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है, ताकि सभी थानों को एक समान निगरानी व्यवस्था से जोड़ा जा सके।

**पुलिस कार्यप्रणाली में आई पारदर्शिता :** सीसीटीवी कैमरों का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ है कि थानों में होने वाली हर गतिविधि रिकॉर्ड हो रही है। इससे फरियादियों के साथ होने वाले व्यवहार पर निगरानी, हिरासत में रखे गए लोगों की सुरक्षा, पूछताछ प्रक्रिया की पारदर्शिता, पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक नियंत्रण जैसे अहम पहलुओं को मजबूती मिली है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि कैमरों की मौजूदगी से अनावश्यक विवाद और आरोपों में कमी आई है, क्योंकि हर स्थिति में वीडियो रिकॉर्ड उपलब्ध रहता है। थानों में लगे कैमरों से केवल आंतरिक निगरानी ही नहीं हो रही, बल्कि कई मामलों में यह जांच का अहम सबूत भी बन रहे हैं। थाने में आने-जाने वाले संदिग्ध, फरियादी या आरोपी की गतिविधियों को देखकर पुलिस को मामलों की तह तक पहुंचने में मदद मिल रही है। इसके साथ ही शहर में लगे सार्वजनिक सीसीटीवी कैमरों को थानों से जोड़कर अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से निगरानी की जा रही है, जिससे अपराध के तुरंत बाद संदिग्धों की पहचान संभव हो पा रही है।

#### इन थानों में नहीं लगे कैमरे

दौलतपुरा, जामडोली, खोरा बिसल, बिंदायका, मालपुरा गेट, पत्रकार कॉलोनी व नारायण विहार थाने में अभी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं।

#### इनका कहना है....

ए थानों के अलावा सभी पुराने थानों में बजट के अनुसार कैमरे लग चुके हैं। एक माह में बाकी थानों में भी लग जाएंगे।

**राजेश कावट, डीसीपी, हेड क्वार्टर**

## अधिकारियों-कर्मचारियों की परफॉर्मेंस के बिंदु तय

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने अधिकारियों और कर्मचारियों की परफॉर्मेंस मापने के लिए पैमाने तय कर दिए हैं। इन पैमानों के आधार पर उनके कामकाज का आंकलन किया जाएगा। इन पैमानों में अधिकारी-कर्मचारियों के दफ्तर आने से लेकर दफ्तर में बैठने का समय तक शामिल है। इसके अलावा फाइल अगर विभाग में आती है तो उसका डिस्पोजल कितने दिनों में होता है, इसकी भी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि फाइल आने से लेकर फाइल के डिस्पोजल तक का समय राजकाज पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

वहीं मुख्य सचिव इस बार के बजट में की गई घोषणाओं को भी धरातल पर उतारने और अब तक कितनी घोषणाओं को अमलीजामा पहनाया है, उसकी भी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पूर्व मुख्य सचिव सुधांश पंत जहां 15 दिनों में बजट घोषणाओं की समीक्षा विभागवार करते थे तो वहीं मौजूदा मुख्य सचिव वी श्रीनिवास हर सप्ताह इसकी समीक्षा कर रहे हैं। पद संभालते ही मुख्य सचिव ने कहा था कि बजट घोषणाओं को और सरकार की योजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाना चाहिए, जिससे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी सरकार की योजना का लाभ मिल सके। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने हाल ही सचिवालय स्थित कई विभागों का औचक निरीक्षण कर अधिकारी-कर्मचारियों से कामकाज को लेकर फीडबैक भी लिया था।

**इन बिंदुओं पर तय होगी परफॉर्मेंस**

- जहां से फाइल की शुरुआत हुई, वहां से निस्तारण तक कितना समय लगा
- हर अफसर का फाइल निस्तारण समय
- पेंडेंसी सहित रसीद या प्राप्ति की प्रक्रिया
- निस्तारण के विविध चरण
- राजकाज की मासिक रिपोर्ट रिव्यू
- ई-फाइल के लिए आर्काइवल पॉलिसी या अभिलेख नीति
- राजकाज पर उपयोगकर्ताओं की संख्या की समीक्षा

# विकास का विजन हर क्षेत्र तक पहुंच रहा: गोपाल शर्मा

### सिविल लाइंस विधायक ने वार्ड 54 में डामर सड़क, इंटरलॉकिंग टाइल्स और फुटपाथ निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा ने शनिवार को वार्ड 54 के गुर्जर की थड़ी क्षेत्र में डामर सड़क, इंटरलॉकिंग टाइल्स और फुटपाथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह कार्य क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शुभारंभ अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का 'विकसित राजस्थान' विजन अब हर वार्ड और हर गली तक पहुंच चुका है। मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ जीवन स्तर ऊंचा उठाने वाली योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। सतत विकास यात्रा इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। शर्मा ने आश्वासन दिया कि सिविल लाइंस क्षेत्र का विकास निरंतर जारी रहेगा और कोई वार्ड सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में वार्ड अध्यक्ष लाल सिंह, पूर्व पार्षद चेयरमैन भागचंद जैन, वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा और ओम प्रकाश बागड़ा समेत कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने विधायक के प्रयासों और राज्य सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों की सराहना की।



#### सिविल लाइंस से रवाना किया 'विकास रथ'




**जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के दो वर्ष की उपलब्धियों को विधानसभा क्षेत्र में जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'विकास रथ' को बनीपार्क क्षेत्र से रवाना किया। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए विकास की नई गाथा लिखी है। उन्होंने बताया कि 'विकास रथ' के माध्यम से सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचेगी। इस मौके पर उपस्थित भाजपा मंडल पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जय भारत, जय राजस्थान के नारे लगाए और मिठाई वितरित की। इस दौरान बनीपार्क मंडल और सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं में सरकार की उपलब्धियों को लेकर उत्साह नजर आया।



## सात दिवसीय शहरी समस्या समाधान शिविर 17 से

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा शहरी नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से 17 से 24 दिसंबर तक 7 दिवसीय शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 आयोजित किए जाएंगे। शिविर की तैयारियों को लेकर शनिवार को नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव देबाशीष पृष्टि ने डीएलबी मुख्यालय के सभागार में वीसी के माध्यम से राज्यस्तरीय बैठक ली। बैठक में पृष्टि ने शिविरों की रूपरेखा, क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग तथा जनसुविधाओं को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने संबंधी सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शहरी सेवा शिविर में किए गए कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

बैठक के दौरान प्रमुख शासन सचिव देबाशीष पृष्टि ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशानुसार शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 का आयोजन राज्य के प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्राधिकरण पर अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविरों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ प्राप्त होने वाले सभी नए आवेदनों का निस्तारण शिविर स्थल पर ही उसी दिन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए की किसी भी प्रकरण को रिजेक्ट करने पर सपष्टीकरण दिया जाना अनिवार्य होगा।

## 26वां एलुमनाई मीट 'धरोहर': स्मृतियों, सम्मान-संस्कृति का भावनात्मक संगम



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट (आई.आई.आई.एम), मानसरोवर में आयोजित 26वां पूर्व छात्र मिलन समारोह (एलुमनाई मीट) 'धरोहर' भावनात्मक एवं ऐतिहासिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश से आए सैकड़ों पूर्व विद्यार्थियों ने अपने शिक्षण संस्थान से पुनः जुड़ते हुए स्मृतियों को ताजा किया और आपसी संवाद साझा किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत से हुई, जहां संस्थान परिसर में प्रवेश करते ही पूर्व विद्यार्थियों का तिलक, पुष्प वर्षा एवं आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वर्ष 1999 बैच के पूर्व विद्यार्थियों को उनकी 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा (सिल्वर जुबली) के उपलक्ष्य में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान की मार्गदर्शक एवं संस्थापक स्व. डॉ. अशोक गुप्ता की पत्नी विजया गुप्ता भी उपस्थित रहीं। समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के को-चेयरपर्सन सुमित गुप्ता ने कहा कि संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर चुके 5857 से अधिक पूर्व विद्यार्थी आज देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं और संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। समारोह के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा संवाद सत्रों के माध्यम से वर्तमान विद्यार्थियों को करियर एवं जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किए। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं, जिसमें लाइव म्यूजिक बैंड की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी पूर्व विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

### केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

## 'भारतीयभाषासु समानवैज्ञानिक प्राविधिकयोः शब्दावली' संस्कृत कार्यशाला संपन्न

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में शनिवार को भारतीय भाषा समिति की ओर से 'भारतीयभाषासु समानवैज्ञानिक प्राविधिकयोः शब्दावली' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि जयपुर परिसर के पूर्व निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने भारत देश के भाषा वैविध्य को एक सूत्र में पिरोने के लिए मानक शब्दावली के निर्माण की भूमिका व महत्व पर प्रकाश डाला। सारस्वत अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने तकनीकी व दैनन्दिन व्यवहार के शब्दों की शब्दावली पर भाव व अर्थ बोध के सामर्थ्य पर विचार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि निदेशक



ईश्वर भट्ट ने शब्दावली निर्माण के लिए भाषा वैज्ञानिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर परिसर निदेशक प्रो. रमाकान्त पाण्डेय ने की। उन्होंने इस दिशा में पहले किए गए कामों को उदाहरण देकर शब्दावली निर्माण में आने वाली चुनौतियां के बारे में बताया। कार्यशाला संयोजक डॉ. के.गिरधर राव, संयोजक प्रो. श्रीधर मिश्र रहे। कार्यशाला के 30 प्रतिभागियों व संसाधकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ

## नई कार्यकारिणी बनने तक नरुका रहेंगे प्रदेश महामंत्री

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद पर चुनाव के बाद अभी तक महासचिव पद के लिए किसी का चयन नहीं हो पाया है, जबकि यह मुख्य कार्यकारी पद है। कर्मचारी आंदोलन के सफल संचालन व संपर्क के लिए इस पद पर मुख्य कार्यकारी नेता का होना जरूरी है।

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ का प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुनाव हुआ है। महासचिव पद पर फिलहाल निर्वतमान महासचिव देवेन्द्रसिंह नरूका ही कार्य कर रहे हैं। दूसरी ओर नए प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने घोषणा की है कि नई कार्यकारिणी के गठन तक नरूका ही प्रदेश महामंत्री राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ का कार्य देखते रहेंगे। कार्यकारिणी के अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की भी जल्द घोषणा की जाएगी, इसके बाद आपसी विचार विमर्श से प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

## मालवीय नगर में विकास रथ यात्रा का शुभारंभ



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने महेश नगर मंडल में 80 फीट रोड से विकास रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सराफ ने कहा कि विकास रथ सरकार की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश घर-घर पहुंचाएगा।

नटवर कुमावत ने कहा कि यह रथ 13 से 24 दिसंबर तक महेश नगर, राजा पार्क और मालवीय नगर मंडल के सभी वार्डों में भ्रमण करेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रवासी राजस्थान सम्मेलन के फैसलों का व्यापार महासंघ ने किया स्वागत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'प्रवासी राजस्थान सम्मेलन' कार्यक्रम में लिए गए निर्णयों का जयपुर व्यापार महासंघ ने स्वागत किया है।

व्यापार महासंघ ने कहा कि सम्मेलन में हुए एमओयू से न केवल व्यापार में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय उत्पादकों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्वदेशी उत्पादन में भी मजबूती आएगी। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने कहा कि इससे हमारे स्थानीय उत्पादकों और व्यापारियों के लिए नए अवसर प्रदान करेगी, व्यापार को बढ़ावा देगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

गोयल ने कहा कि हम हर दुकान पर स्वदेशी उत्पादन के स्टीकर लगा रहे हैं और व्यापारियों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह कर रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक स्वदेशी अपनाए और स्थानीय व्यापार को मजबूति मिले। हम सभी व्यापारी इस अभियान में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं और एक सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए उत्साहित हैं।

## स्वैच्छिक रक्तदान और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर, वाटिका रोड स्थित बीएसएन कॉलेज में सोमवार को सुबह 9:30 से अपराह्न 3:30 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप में री-लाइफ ब्लड बैंक और 'नारायणा हॉस्पिटल 'के विशेषज्ञों की टीम की ओर से सेवाएं दी जाएंगी। शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सीपीआर का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।


## सोमेश चंद शर्मा अध्यक्ष, उमेश चौधरी महासचिव निर्वाचित

महानगर टाइम्स संवाददाता


**जयपुर।** दी बार एसोसिएशन जयपुर के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर सोमेश चंद शर्मा व महासचिव पद पर उमेश चौधरी निर्वाचित हुए।

सोमेश चंद शर्मा ने निकटतम उम्मीदवार नरपत सिंह तंवर को 488 मतों से पराजित किया। सोमेश को 1618 मत मिले और नरपत को 1130 मत मिले। वहीं महासचिव पद पर नजदीकी मुकाबले में उमेश चौधरी ने पंकज शर्मा पचलंगिया को 62 मतों से हराया। उमेश चौधरी को 1183 मत प्राप्त हुए, जबकि पंकज शर्मा को 1121 मत मिले। उपाध्यक्ष के दो पदों पर मोनिका ने 1970 और नरेश कुमार सैन ने 1567 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। चुनाव संचालन समिति सदस्य सत्यवान सिंह शेखावत व अनिल गुप्ता ने बताया कि कोषाध्यक्ष के पद पर कृष्णकांत शर्मा, संयुक्त सचिव पद पर मनीष कुमार शर्मा, पुस्तकालय सचिव के पद पर रितुराज, सांस्कृतिक सचिव पद पर मनोज कुमार पिंगोलिया व उप कोषाध्यक्ष पद पर राजेंद्र कुमार पहाड़िया निर्वाचित हुए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के 12 पदों पर श्रवण सिंह, अंजना जायसवाल, मंगल चंद शर्मा, रूपचंद वर्मा, प्रताप सिंह खंगारोत, दिगंबर सिंह सिनसिनवार, आकाश कपूर, आशुतोष शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, अंशुल कौशिक व सुरेंद्र सिंह राठौड़ निर्वाचित हुए। दी बार एसोसिएशन जयपुर के शुक्रवार को हुए चुनाव में 4,566 मतदाताओं में से 4,119 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था।


# सीकर रोड पर छाया है अंधेरा, विद्युत पोल नहीं कर रहे उजियारा



ढेहर का बालाजी से छाया अंधेरा।



सीकर रोड पर चौमूं पुलिया के आगे बस स्टैण्ड पर भी नहीं जलती लाइटें।



भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान के सामने अंधेरे में डूबी सड़क।

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सीकर रोड पर बीआरटीएस हटाने के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ गई और वाहन चालकों की राह आसान भी हुई, लेकिन डिवाइडर पर लगाए गए विद्युत पोल सिर्फ दिखावा बनकर रह गए हैं। चौमूं पुलिया से हरमाड़ा तक लगभग 7 किलोमीटर दूर तक लगाए गए इन पोल पर लाइट तो लगाई गई है, लेकिन आज तक कभी रोशन नहीं हो पाई है। इसके चलते रात्रि में हादसों की आशंका बनी रहती है। यहां से गुजरने वाले वाहनचालकों का कहना है कि इस बारे में कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत भी कराया गया, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से विभिन्न स्कूलों के जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। बढ़ती हुई सर्दी को देखते हुए यह फैसला लिया गया। क्लब के तत्वाधान में राजकीय वरिष्ठ संस्कृत विद्यालय पुजारी का बास जयरामपुरा में 36 जरूरतमंद विद्यार्थियों को निरंजन कुमार अग्रवाल यूनीक मेडिकल श्रीमाधोपुर के सहयोग से स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिले हुए नजर आए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक घनश्याम शर्मा, अध्यापक सीताराम सैनी एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ क्लब के सीताराम सैनी, अनिल कुमार मारवाल, निरंजन कुमार अग्रवाल और ललित कुमार सैनी मौजूद रहे।

# स्वर्णनगरी में सार्वजनिक स्थानों पर नजर नहीं आएंगे श्वान

### पचास लाख से किया जाएगा बधियाकरण और टीकाकरण

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** पर्यटन नगरी जैसलमेर में अब स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को आवारा श्वानों से जल्द निजात मिलेगी। नगर परिषद जैसलमेर ने शहर में श्वानों के बधियाकरण के लिए निविदा जारी कर कर दी है। शहर के 45 वार्डों के श्वानों के बधियाकरण पर 45.50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। श्वानों को रेबीज का इंजेक्शन भी लगाया जाएगा, ताकि संक्रमण का खतरा कम हो।

बधियाकरण अभियान को चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। सबसे पहले शहर के उन क्षेत्रों को चुना जाएगा, जहां श्वानों की संख्या ज्यादा है। इसके बाद विशेष टीम मौके पर जाकर श्वानों को पकड़कर बधियाकरण केंद्रों तक ले जाएगी। वहां बधियाकरण और टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद श्वानों को वापस उसी क्षेत्र में नहीं छोड़ नगर परिषद द्वारा निर्धारित जगह पर छोड़ा जाएगा। निविदा में पशु कल्याण बोर्ड से पंजीकृत स्वयंसेवी संस्था से आवेदन मांगे गए हैं।

**क्यों जरुरी है बधियाकरण:** श्वानों का बधियाकरण और टीकाकरण उनके स्वास्थ्य और जनसंख्या नियंत्रण के लिए बहुत ज़रूरी है, खासकर रेबीज जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी आवारा श्वानों के लिए नसबंदी और टीकाकरण अनिवार्य किया है, ताकि आबादी नियंत्रित रहे और बीमारियां न फैलें। साथ ही ये काम सुरक्षित और मानवीय तरीके से हो। बधियाकरण से व्यवहार संबंधी समस्याएं कम होती हैं और टीकाकरण उन्हें कई घातक बीमारियों से बचाता है, जिससे उन्हें लंबा और स्वस्थ जीवन मिलता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिए हैं ये आदेश**

श्वानों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, बस स्टैंड, खेल परिसरों और रेलवे स्टेशनों से श्वानों और अन्य ऐसे मवेशियों को तुरंत हटाए जाने और उन्हें आश्रय गृह भेजने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया है। कहा है कि श्वानों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जाना चाहिए, जहां से उन्हें उठाया गया था।

**इन्होंने कहा ...**

नगर परिषद का लक्ष्य शहरी क्षेत्र के श्वानों के बधियाकरण का है। इसके साथ ही उन्हें रेबीज का इंजेक्शन भी लगाया जाएगा। इस पर करीब 45 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। निविदा जारी की जा चुकी है।'

**लजपालसिंह सोढ़ा, आयुक्त, नगर परिषद, जैसलमेर**

# दो वर्षों में भजनलाल सरकार ने लिए ऐतिहासिक निर्णय : भागीरथ चौधरी

### राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के साथ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने सुशासन रथ को दिखाई हरी झंडी

महानगर टाइम्स संवाददाता




**अजमेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के ऐतिहासिक दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को अजमेर मुख्यालय पर आयोजित 'सुशासन एवं सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के अंतर्गत सुशासन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के साथ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने कहा कि सुशासन रथ के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और पारदर्शी शासन प्रणाली को आमजन तक सीधे पहुंचाने का यह अभियान, 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' के संकल्प को जमीनी स्तर पर सशक्त करेगा। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने बीते दो वर्षों में किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक और जनहितकारी निर्णय किए हैं। सुशासन एवं सेवा पखवाड़ा जनता को सेवा, समर्पण और जवाबदेही की भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, अजमेर दक्षिण विधायक अनीता पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, अधिकारीगण, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### सरकार की उपलब्धियों से आमजन को अवगत कराएंगे रथ



**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर राजस्थान में भाजपा नीत सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निकाला गया विकास रथ लालसोट पहुंचा। भाजपा सरकार के 2 वर्षों की उपलब्धियां को आमजन तक पहुंचाने के लिए भाजपा सरकार द्वारा जगह-जगह विकास रथ भेजे गए हैं। एक रथ लालसोट विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद कार्यालय में पहुंचा, जहां सभापति प्रतिनिधि सोनू बिनोरी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम जोशी, नगर मंडल अध्यक्ष अनिल बुर्जा, महामंत्री भागचंद सैनी आढ़तिया, प्रवक्ता अभिनव त्रिपाठी, विनोद कोरका, कमलेश सैनी, विशाल गौतम, विक्रम स्वामी एवं कार्मिकों की उपस्थिति में सरकार की उपलब्धियां के रथ का स्वागत किया गया।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करने को रवाना किए रथ



**बस्सी।** विधानसभा क्षेत्र में राजस्थान सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार रथों को भाजपा प्रत्याशी रहे चंद्रमोहन मीणा, उपखंड अधिकारी गरिमा शर्मा, बस्सी तहसीलदार सहित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बस्सी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शनिवार को आमजन के बीच सरकार की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और विकास के प्रति समर्पण का संदेश दिया। इस अवसर पर चंद्रमोहन मीणा ने बताया कि राजस्थान सरकार कई योजनाओं के माध्यम से आम जनता को लाभ दिलाने का कार्य कर रही है। पारदर्शी भर्तियां, बिजली-पानी की बड़ी परियोजनाएं, महिलाओं-युवाओं के लिए विशेष योजनाएं एवं तेज गति से हो रहे विकास कार्य से राजस्थान अब विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस दौरान जयपुर देहात दक्षिण जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर, जिला महामंत्री हेमंत मीणा, जिला महामंत्री शिवजीराम कुमावत, जिला मंत्री रामफूल शर्मा, जिला प्रकोष्ठ सुरेंद्र यादव, जिला प्रवक्ता ऊर्मि करोल, समस्त मण्डल अध्यक्षगण सहित सैकड़ों कर्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**'बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**

# जिला प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर से की विकास रथों की रवानगी




### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का भी आगाज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा की उपस्थिति में प्रेस ब्रीफिंग एवं कलेक्ट्रेट परिसर, सीकर में जिला स्तरीय कार्यक्रम 'बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' (विकास रथों की रवानगी) एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने प्रेसवार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान जन भावना के अनुरूप कार्य किया है तथा इस दौरान सभी बजट घोषणाओं को अमली जामा पहनाया गया है। राज्य सरकार के कार्यकाल का दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए इन विकास रथों पर लगी एलईडी पर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से दो साल में राज्य व सीकर जिले में हुए विकास कार्यों, राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं घोषणाओं की क्रियान्विति की जानकारी आमजन को दी जा रही है।

जिला प्रभारी मंत्री शर्मा ने कहा कि सीकर में नानी बीड की समस्या का समाधान अगली बारिश से पूर्व कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यकाल के दौरान अपराधों पर अंकुश लगा है तथा पुलिस ने मुस्तैदी से कार्य कर अपराधियों को सजा देने का काम भी किया है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही नगरीय निकाय एवं पंचायती राज के चुनाव का कार्यक्रम तय होगा। साथ ही कहा कि सीकर, चूरू एवं झुंझुनूं जिले को यमुना का पानी पहुंचाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। प्रदेश में पैंथर मूवमेंट को अच्छे से रेगुलेट करने के लिए संपूर्ण राजस्थान में उनकी गणना करवाई जा रही है।

### दो विधानसभाओं के विकास रथ हुए रवाना

कार्यक्रम में धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत, पूर्व विधायक सीकर रतनलाल जलधारी, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति में जिले की दो विधानसभाओं सीकर एवं धोद के विकास रथों (एलईडी मोबाइल वैन) को प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, कमल सिखवाल, पवन मोदी, गजानंद कुमावत, राजेश रोलन, जितेन्द्र कारंगा, पवन जोशी, मधु कुमावत, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, जिला परिषद सीईओ राजपाल यादव, एडीएम रतन कुमार, शहर भावना शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

## भगवान विश्वकर्मा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** महर्षि अंगिरा सेवा समिति की ओर से भगवान विश्वकर्मा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं द्वारा एक पोशाक में कलश यात्रा निकाली गई। भगवान विश्वकर्मा को बग्घी में सवार कर नगर भ्रमण करवाया गया, तत्पश्चात पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चारण द्वारा भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति को महर्षि अंगिरा सेवा समिति मंदिर में स्थापित किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा महर्षि अंगिरा भवन का लोकार्पण किया गया। तत्पश्चात् सामाजिक सम्मेलन एवं अतिथि सम्मान कार्यक्रम हुआ, जिसकी अध्यक्षता मुख्य यजमान सुशील कुमार जांगिड़ निवासी कोलकाता ने की।

मुख्य अतिथि घनश्याम शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान, विशिष्ट अतिथि संजय हर्षवाल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, सांवरमल जांगिड़ महामंत्री महासभा दिल्ली, हितेश जांगिड़ झुंझुनूं, व्यवसायी जयपुर, राजेश जांगिड़ धमोरा, उद्योगपति हैदराबाद, मनोहरलाल जांगिड़ नवलगढ़ व्यवसायी मुंबई, राजेंद्र जांगिड़ जयपुर, सुनील सिद्धड़ जिलाध्यक्ष झुंझुनूं, बनवारी लाल खंडेलसर जिलाध्यक्ष सीकर, डॉ. दयाशंकर जांगिड़, राहुल शर्मा युवा प्रकोष्ठ, हनुमान प्रसाद कड़वानिया जिला प्रभारी जयपुर, बनवारी लाल जांगिड़ अध्यक्ष जांगिड़ समाज विकास समिति झुंझुनूं सहित काफी संख्या में समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। संचालन सचिव सुरेश कुमार जांगिड़ ने किया।

### भाजपा के मीडिया प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की बैठक आज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** भाजपा के मीडिया, सोशल मीडिया, सरल ऐप, आईटी व मन की बात के जिला पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार सुबह 11 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ करेंगे।

जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि बैठक जिला भाजपा कार्यालय में होगी। बैठक में मीडिया, सोशल मीडिया, सरल ऐप, आईटी व मन की बात के जिला संयोजक व सह संयोजक भाग लेंगे।

## समाजपयोगी उत्पादन एवं समाज सेवा शिविर का समापन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**केकड़ी।** श्री मिश्रीलाल दुबे शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 6 दिवसीय कार्यक्रमों का समापन शनिवार को हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सीताराम कुमावत अध्यक्ष बार एसोसिएशन केकड़ी रहे। विशिष्ट अतिथि जगदीशलाल विजय व राधेश्याम अहीर रहे।

समारोह का शुभारंभ द्रोपदी मुर्मू सदन से अक्षिता गौतम ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर किया। सचिव चंद्रप्रकाश दुबे, डॉ. अविनाश दुबे, अनिरुद्ध दुबे, प्रतिभा दुबे, आकांक्षा दुबे, प्राचार्य डॉ. रामलाल वर्मा, व्याख्याता ब्रह्मानंद शर्मा ने मां शारदे के समय दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में रंगारंग नृत्य की धूम रही। एकल नृत्य मे अहिल्याबाई सदन से दिव्या सैनी ने हरियाबाग, गार्गी सदन से सुनीता ने रुनझुन बाजे घूघरा, अहिल्याबाई सदन से कोमल ने गोरी नाचे, मदर टेरेसा सदन से रेशमा राजावत ने गोरी नाचे, द्रोपदी मुर्मू सदन से कृष्णा जाट ने चौधरी की लीलण, अनीता जाट ने तेजल लिखो बोनट पर, डॉ. आनंद भाई सदन से पूजा माली ने सांवरिया सेठ, टोनू साहू ने काल्यो कूद पड्यो सहित युगल नृत्य, कविता, पैरोडी आदि की विभिन्न छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य डॉ. रामलाल ने 6 दिन तक चले कार्यक्रमों के पुरस्कारों की घोषणा की। कार्यक्रम में व्याख्याता महावीर वर्मा, सोनू खटीक, रामप्रसाद साहू, रामलाल खटीक, विनोद कुमार लौहार, रामलाल सैनी, कमलेश शर्मा, निर्मला वैष्णव, सीमा लोहार, रजनी चैहान, रेखा कंवर, साकेत बाकलीवाल, प्रिया जैन आदि उपस्थित रहे।

### सीकर जिले में राज्य स्तरीय श्रमदान कार्यक्रम आज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के अनुसार राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 14 दिसम्बर को सीकर जिले में श्रमदान कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के मंदिरों, ऐतिहासिक स्मारकों, राजकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण परिसरों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि प्रातः 9 बजे से श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन माधोसागर तालाब (मरु पार्क, बोलता बालाजी मंदिर के पास) किया जाएगा।

## बाड़मेर बार एसोसिएशन के विष्णु चौधरी बने अध्यक्ष

### स्वरूपसिंह सचिव निर्वाचित, बोहरा उपाध्यक्ष, खत्री बने कोषाध्यक्ष

महानगर टाइम्स संवाददाता



**बाड़मेर।** बाड़मेर बार एसोसिएशन के चार पदों के लिए सम्पन्न चुनाव प्रक्रिया के बाद विष्णु भगवान चौधरी भाखराराम गोदारा को 39 वोटों से हराकर अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। वहीं अमित बोहरा उपाध्यक्ष, स्वरूपसिंह भदरू सचिव और गौरव खत्री कोषाध्यक्ष चुने गए। जीत के साथ वकीलों ने ढोल की धुन पर जमकर डांस किया। वहीं जीते प्रत्याशियों को साफा और माला पहनाकर बधाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विष्णु भगवान चौधरी ने कहा कि कोर्ट में खाली पदों को पूरा करने का प्रयास रहेगा। सीनियर अधिवक्ताओं के निर्देशन में पूर्व में कोई काम अधूरे रहे हैं, उनको पूरा करने का प्रयास करेंगे। डीजे बिल्डिंग के लिए 100 बीघा जमीन के लिए राजस्थान सरकार को लिखा गया है। जैसे ही भूमि आवंटित होगी, सभी सुविधाएं बार एसोसिएशन में शिफ्ट हो जाएगी। उपाध्यक्ष अमित बोहरा ने कहा कि हार जीत होती रहती है। हम सब वकील एक हैं।

## 'प्लास्टिक कल्चर ने बदली किसानों की दुनिया, खेती पर बड़ा असर'



### डॉ. सैनी के कृषि आधारित कार्यक्रम का दूरदर्शन जयपुर से प्रसारण

**नवलगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** डॉ. राजेश कुमार सैनी (हरितगृह विशेषज्ञ एवं इंटरनेशनल ट्रेनर एवं डॉ. रघुनाथ यादव सूक्ष्म सिंचाई विशेषज्ञ का दूरदर्शन केंद्र जयपुर से कृषि आधारित कार्यक्रम चौपाल के अंतर्गत 'प्लास्टिक कल्चर ने बदली किसानों की दुनिया' प्रसारित किया गया। सैनी ने कार्यक्रम में प्लास्टिक कल्चर की उपयोगिता, ग्रीन हाउस के महत्व एवं पॉली हाउस, शेड नेट हाउस वॉकिंग टनल, लो टनल हाईटेक नर्सरी में लगने वाली प्लास्टिक फिल्म, छाया जाल, नेट एवं प्लास्टिक से बने सामान के बारे में बताया। ग्रीन हाउस में वातावरण नियंत्रण, कीट नियंत्रण के कृषि उपकरण एवं फार्म पॉन्ड, स्प्रिंकलर ड्रिप इरीगेशन, रेन गन, मिनी स्प्रिंकलर प्लास्टिक मलच, फर्टिगेशन तकनीक एवं तुरई उपरांत प्रबंधन में प्लास्टिक की उपयोग के बारे में जानकारी दी और युवाओं को ग्रीन हाउस को स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संरक्षित खेती को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती बताया, जिसमें पौधों का संरक्षण किया जाता है एवं उपयुक्त वातावरण प्रदान किया जाता है और उच्च गुणवत्ता का उत्पाद और ज्यादा उत्पादन प्राप्त किया जाता है। उन्होंने ग्रीन हाउस में सब्जियां एवं फूलों की उन्नत खेती को लाभप्रद एवं समय की मांग बताया।

**श्रीमाधोपुर में 'शहरी समस्या समाधान शिविर 2025' 17 से 24 तक**

# देशवाल प्रभारी अधिकारी व जाखड़ सह प्रभारी अधिकारी नियुक्त

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** नगरपालिका श्रीमाधोपुर के अधिशासी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार के अनुसार राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 से 24 दिसम्बर तक शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 का आयोजन किया जाएगा।

शिविरों का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा नागरिकों को विभिन्न सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि शिविर अवधि के दौरान साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एवं नई लाइटें लगाने, टूटे फेरो कवर व कॉस की मरम्मत, ब्लैक स्पॉट ठीक कराने, पेचवर्क, सार्वजनिक पार्कों व शौचालयों की सफाई एवं रिपेयर, कार्यालय में लंबित पत्रावलियों के निस्तारण जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्रांट, कच्ची बस्ती 69 ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेंडर पंजीकरण, उप-विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण-पत्र, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीकरण आदि से संबंधित आवेदन स्वीकार व निस्तारित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन तथा एसबीएम 2.0 के अंतर्गत घरेलू शौचालय निर्माण के लिए आवेदन भी शिविरों में लिए जाएंगे।

शहरी सेवा शिविर 2025 में पूर्व में दी गई सभी छूट एवं शिथिलताएं यथावत प्रभावी रहेंगी। अधिशासी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए शिविरों का आयोजन वार्डवार किया जाएगा। 17 दिसम्बर को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में वार्ड संख्या 1 से 5 के लिए शिविर आयोजित होगा। 18 दिसम्बर को वार्ड संख्या 6 से 10, 19 दिसम्बर को वार्ड 11 से 15, 20 दिसम्बर को वार्ड 16 से 20, 22 दिसम्बर को वार्ड 21 से 25, 23 दिसम्बर को वार्ड 26 से 30 तथा 24 दिसम्बर को वार्ड संख्या 31 से 35 के लिए शिविर लगाए जाएंगे। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शिविरों के लिए रविंद्रसिंह देशवाल को प्रभारी अधिकारी और जितेंद्रसिंह जाखड़ को सह प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### संत-महंत बग्घियों में, देवकीनंदन ठाकुर होंगे विंटेज कार में सवार

# भागवत कथा से पूर्व आज निकलेगी 2100 महिलाओं की कलशयात्रा

**अनेक स्वागत द्वारों पर समाजसेवी, भामाशाह एवं गणमान्यजन पुष्प वर्षा और आरती कर करेंगे स्वागत**

**मानसरोवर मेला ग्राउंड में 15 से 21 दिसंबर तक सात दिवसीय श्रीमद्‌भगवद् कथा का होगा आयोजन**



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विश्व शांति सेवा समिति जयपुर और जयपुर परिवार सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से वीटी रोड स्थित मानसरोवर मेला ग्राउंड में 15 से 21 दिसंबर तक होने वाली सात दिवसीय श्रीमद्‌भगवद् कथा से पूर्व रविवार को गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश अत्री, मनोज पांडे, मुख्य यजमान मनोज मुरारका एवं अन्य ने शनिवार को कलश यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

कलश यात्रा अपराह्न 3 बजे विजय पथ न्यू सांगानेर रोड स्थित श्याम मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल वीटी रोड मेला ग्राउंड पहुंचेगी। कलश यात्रा में गुलाबी नगरी के कई प्रसिद्ध संत-महंत सात बग्घियों में विराजमान होकर चलेंगे। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर विंटेज कार में सवार रहेंगे। कलशयात्रा में 2100 से अधिक महिलाएं एक ही रंग की साड़ी पहनकर सिर पर मंगल कलश लेकर चलेंगी। वहीं सैकड़ों पुरुष श्रद्धालु सिर पर भागवत पोथी लेकर चलेंगे। समाजसेवी चंद्रप्रकाश भाड़ेवाला ने बताया कि शोभायात्रा में जयपुर के पूर्व राजघराने की परंपरा अनुसार नगाड़ा दल, ध्वज वाहक हाथी, घोड़े, ऊंट, सैनिक की वेशभूषा में युवा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मार्ग में शहर के प्रसिद्ध बैंड भजन-कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। वहीं अनेक स्वागत द्वारों पर समाजसेवी, भामाशाह एवं गणमान्यजन पुष्प वर्षा और आरती कर स्वागत करेंगे।

## संयम दीक्षा महोत्सव का साक्षी बनेगा देशभर का जैन समाज

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** समाधिस्थ गणाचार्य विराग सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य वाक्केशरी श्रमणाचार्य विनिश्चय सागर महाराज का 28वां संयम दीक्षा महोत्सव 14 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। शनिवार को महोत्सव की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

आचार्य विनिश्चय सागर महाराज जयपुर प्रवास समिति के महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि देशभर का सकल जैन समाज आयोजन में शामिल होगा। मुख्य संयोजक प्रदीप जैन एवं चेतन जैन निमोड़िया, पदमपुरा अतिशय क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष सुधीर जैन एवं मानद मंत्री हेमंत सोगानी, मुख्य संयोजक पदम बिलाला, डॉ. विमल कुमार जैन ने बताया कि इस अवसर पर नरेश मेहता, ज्ञानचंद झांझरी, महावीर अजमेरा, राजकुमार कोठ्यारी, प्रदीप जैन, अशोक बाकलीवाल, सतीश खंडाका, अशोक खंडाका, सुभाष बज, निर्मल पाटोदी, सुरेंद्र जैन, प्रकाश बाकलीवाल, कुलदीप सोनी, पुलकित जैन, शुभम जैन हल्देनिया, नितिन जैन हल्देनिया, अंकित जैन, गजानंद काला, नरेश बाकलीवाल, दीपिका जैन कोटखावदा, प्रेमलता बाकलीवाल, पुष्पा सोनी, कुसुम साखूनियां, सुनिता हल्देनियां, अंजना बाकलीवाल, बबीता सोगानी, अनिता लुहाड़िया, रेखा पाटनी, श्रुति सोनी, मीनू निमोड़िया, वैशाली सोनी, तन्वी जैन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

## भांकरोटा से होगा प्रदेशभर में हनुमान चालीसा का वितरण

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्री भंदे के बालाजी धाम श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति की ओर से भक्तों को सचित्र अर्थ सहित हनुमान चालीसा भेंट करने के पवित्र अभियान के अंतर्गत नए कार्यालय का उद्घाटन भांकरोटा में 14 दिसंबर को किया जाएगा।

इस अवसर पर सुबह से 108 हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ संपन्न किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के अलावा विद्यालयों के बच्चों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहेंगे। समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज ने बताया कि हर घर तक अर्थ सहित हनुमान चालीसा पहुंचाने के महाअभियान को सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के लिए इस कार्यालय की स्थापना की गई है। आगामी हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रमों, विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी तथा मंदिरों में होने वाले पुस्तक वितरण की सूचनाएं भी यहीं से प्रदान की जाएंगी।

## श्री प्रेमभाया सरकार को लगेगा पौष बड़ों का भोग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से 14 दिसंबर को श्री प्रेमभाया सरकार का सत्संग एवं पौषबड़ा प्रसादी महोत्सव कालवाड़ रोड झोटवाड़ा के खांडल कृषि फार्म हाउस में शाम चार से रात्रि आठ बजे तक हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। संयोजक रमेश खंडेलवाल ने बताया कि आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। ढूंढाड़ी भक्त शिरोमणि युगल सरकार की भक्ति रचनाओं से दरबार में विशेष हाजिरी लगाई जाएगी।

## श्री अमरापुर स्थान पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आस्था के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान में श्री अमरापुर सेवा समिति एवं गुप्ता मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संत मोनूराम महाराज एवं संत मंडल ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। डॉ. ऋषभ गुप्ता, डॉ. विधि अग्रवाल, डॉ. निखिल बंसल ने परामर्श दिया।

इस दौरान बीपी, मधुमेह, ईसीजी, पीएफटी की निशुल्क जांच की गई। फिजियोथैरेपी से भी उपचार किया गया। 250 से अधिक रोगियों श्रद्धालुओं ने शिविर का लाभ लिया।

### गोविंददेवजी मंदिर में आज पहली बार होगी हस्त लिखित गायत्री महामंत्रों की परिक्रमा

# राम नाम धन संग्रह बैंक में जमा होगी भेंट राशि

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर के पूर्व महंत श्रील प्रद्युम्न देव गोस्वामी महाराज के तिरोभाव उत्सव के समापन समारोह के रूप में गोविंददेवजी मंदिर के सत्संग भवन में रविवार को करोड़ों हस्तलिखित गायत्री महामंत्रों की परिक्रमा की जाएगी। गायत्री महामंत्र की परिक्रमा का देशभर में यह पहला आयोजन बताया जा रहा है।

शनिवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। सवा पांच करोड़ हस्तलिखित गायत्री महामंत्र की पुस्तिकाओं के बंडल बनाकर सत्संग भवन के ब्रह्म स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखे गए। परमात्मा से सबकी बुद्धि को सन्मार्ग पर प्रेरित करने के लिए गोविंददेवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में होने वाली परिक्रमा का शुभारंभ सुबह पांच देव पूजन के साथ होगा। विभिन्न मंदिरों के संत-महंत, जनप्रतिनिधि, विभिन्न संस्थाओं के लोग भी परिक्रमा करेंगे।



### मंत्र लेखन पुस्तिका निशुल्क मिलेगी

परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को गायत्री मंत्र लेखन के लिए पुस्तिका का निशुल्क वितरण किया जाएगा। गायत्री मंत्र के प्रति श्रद्धा का जागरण हो इसके लिए गायत्री चालीसा का निशुल्क वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छोटीकाशी में हजारों लोग प्रतिदिन गायत्री मंत्र लेखन करते हैं। एक मंत्र लेखन का फल जप की तुलना में दस गुणा अधिक बताया गया है, क्योंकि मंत्र लेखन के दौरान शरीर का प्रत्येक अंग सक्रिय रहता है। सत्संग भवन में गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी की ओर से बुक फेयर लगाया जाएगा। यहां धर्म, संस्कृति, संस्कार, महापुरुषों की जीवनी सहित अनेक विषयों पर पुस्तकें आधे मूल्य पर उपलब्ध रहेंगी। वेद-पुराणों में गायत्री महामंत्र के आध्यात्मिक-वैज्ञानिक और भौतिक लाभ को सरल भाषा शैली में समझाने के लिए गायत्री महाविज्ञान की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### हवन में अर्पित करेंगे एकांश-दशांश आहुतियां

परिक्रमा के दौरान ही सुबह नौ से बारह बजे तक निशुल्क पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ भी होगा। यज्ञ की सभी सामग्री मंदिर में उपलब्ध रहेगी। किसी भी तरह का सामान लाने की आवश्यकता नहीं है। निर्धारित समय के दौरान सभी को आहुतियां प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा। जिन लोगों ने कभी भी किसी भी मंत्र की परिक्रमा की उस संख्या के दसवें या सौंवे हिस्से के हिसाब से आहुतियां प्रदान कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है जप का दशांश या एकांश हिस्से की यज्ञ में आहुतियां अर्पित करना अनिवार्य होता है।

पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जो भी राशि भेंट की जाएगी, गायत्री परिवार उस राशि को राम नाम धन संग्रह बैंक में जमा कराएगा, ताकि उस राशि का पुण्य ब्याज श्रद्धालुओं को आजीवन मिलता रहे। श्रद्धालुओं की ओर से भेंट की गई राशि से राम नाम लेखन के लिए पुस्तिकाएं खरीदी जाएंगी। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता अलग से भी इस कार्य के लिए अंशदान करेंगे।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेंद्र मिश्रा ने बताया कि गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है कि छंदों (मंत्रों) में गायत्री वे स्वयं हैं। गायत्री देव, वेद माता और विश्व माता हैं। गायत्री के 24 अक्षर अलग-अलग देवी-देवताओं के प्रतीक हैं। इसलिए एक बार गायत्री मंत्र का उच्चारण करना 24 देवी-देवताओं की परिक्रमा करना है। परिक्रमा के दौरान गायत्री को सिद्ध करने वाले युग पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की आवाज में गायत्री महामंत्र का उच्चारण होता रहेगा। गायत्री मंत्र को सिद्ध करने वाले व्यक्ति की आवाज के साथ जप को 2400 गुणा अधिक प्रभावी बताया गया है। यानि 24 गायत्री मंत्र जप की फलश्रुति 24000 मंत्र होगी।

## बच्चों को अपने हाथों से पहनाए जूते

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** उत्थान सेवा संस्थान की ओर से न्यू लोहा मंडी रोड पर निशुल्क संचालित अपनी बाल संस्कार पाठशाला में शनिवार को हेल्पिंग हैंड्स के दीपेश गुप्ता, बजरंग लाल गुप्ता, विकास सहवाल, प्रदीप, वंश, साक्षी, एवं जूही ने पाठशाला की न्यू लोहामंडी रोड, खोरा बीसल, बोहराजी की बावड़ी शाखाओं के 172 बालक-बालिकाओं को निशुल्क जूते वितरित किए। एचजी फाउंडेशन के अनुज तिवारी ने फाउंडेशन के पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत 105 बालकों को स्कूली बैग वितरित किए। बैग के साथ ड्राइंग बॉक्स, 3 नोटबुक (हिंदी, इंग्लिश और मैथ), पेंसिल के एक-एक पैकेट भी दिए।

बच्चे अपनी आवश्यकता की सामग्री पाकर अत्यंत प्रसन्न हुए। उत्थान सेवा संस्थान के शिवानंद त्रिपाठी, गोपाल पारीक, रमेश चंद्र शर्मा, पाठशाला स्टाफ के होशियार सिंह चौधरी, अरुणा टेलर, प्रवीणा शर्मा, टीना प्रजापत ने मेहमानों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। संस्थान अध्यक्ष कैप्टन शीशराम चौधरी ने भामाशाहों का आभार प्रकट किया।

## सिद्धाजी की महला में जीमे मिजमानी श्री रघुराज...

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** समाज श्री सीताराम जी समिति की ओर से बैनाड़ा धाम के मंदिर श्रीकल्याण धणी में मिजमानी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर महंत रामदयाल दास ने ठाकुरजी को सुंदर पोशाक और आभूषणों से सजाया। समाज के भक्तों ने कल्याण धणी को मीठे-मीठे व्यंजनों का भोग लगाकर पदगायन से रिझाया। समाज के रामशरण हल्दिया, अवधेश पोद्दार, नारायण अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण काकड़ेवाले, बृजमोहन अग्रवाल, महेश भगत, रामनारायण नाटाणी, हंसराज घीया, गणेश शर्मा, मदन शर्मा, राजाबाबू पाटोदिया, मनीष भुखमारिया ने म्हारे राम कुंवर मन भाया रे सखी..., रंग भीना रघुनाथ बनाने इन गलियन होय लावोरी सखी..., सिद्धाजी की महला में जीमे मिजमानी श्री रघुराज... जीमो जीमो रंगीला रघुनाथ सासरै मिजमानी..., सियावर जी का लाड़ लड़ावा जी नौरंग गाली गावां... जैसे पदों से रिझाया। समाज के मंत्री रामबाबू झालानी बताया 46वें दिन महोत्सव के तहत 14 दिसंबर को विद्याधरनगर सेक्टर तीन में मंगलेश्वर महादेव मंदिर में मिजमानी महोत्सव होगा।

# खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में डाइकिन के सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जयपुर में शनिवार को डाइकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आरएसी विभाग में सेंटर आफ एक्सीलेंस का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इसमें डाइकिन एवं महाविद्यालय के बीच मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) किया गया। कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी शिक्षा राजेश कुमार शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट डाइकिन शिव कुमार, जनरल मैनेजर ब्रांच ऑपरेशंस अरुण वाधवान एवं महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद जांगिड़ सहित डाइकिन के डीलर्स एल्युमिनियाई, संस्थान के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।





प्राचार्य ने बताया कि यह सेंटर आफ एक्सीलेंस छात्रों के लिए इंडस्ट्री की लेटेस्ट तकनीक की जानकारी देने के साथ-साथ रोजगार उन्मुख होगा। दाइकिन इंडिया के रीजनल वाइस प्रेसिडेंट शिव कुमार ने कहा कि यह साझेदारी एयर-कंडीशनिंग प्रशिक्षण को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने पर केंद्रित है। दाइकिन तकनीकी प्रगति और उच्च गुणवत्ता के प्रति समर्पित है। इस पहल के माध्यम से हम छात्रों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण और कौशल विकास का मंच देना चाहते हैं। स्किल इंडिया के महत्व को समझते हुए दाइकिन सरकार और शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रम बना रहा है। हमारा लक्ष्य है कि भारत के युवाओं को ऐसे कौशल मिलें जो उनके रोजगार के अवसर बढ़ाएं और देश की प्रगति में योगदान दें। दाइकिन और खेतान पॉलिटेक्निक योग्य छात्रों को दाइकिन या उसके चैनल पार्टनर्स में इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स और फिक्स्ड-टर्म कॉन्ट्रैक्ट जैसे अवसर प्रदान करेंगे। इससे छात्रों को वास्तविक उद्योग अनुभव मिलेगा और उनके करियर अवसर मजबूत होंगे।

टेक्निकल एजुकेशन राजस्थान के निदेशक राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि दाइकिन इंडिया के साथ यह साझेदारी मानव संसाधन में निवेश और उनकी क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में आवश्यक कदम है। हमारा उद्देश्य ऐसे व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान बनाना है, जो विश्वस्तरीय मानकों के साथ समाज-सचेत टेक्नोक्रेट और उद्यमी तैयार करें। हमें उम्मीद है कि हमारे छात्र और पूर्व छात्र भारत को और भी मजबूत, टिकाऊ और समृद्ध बनाने में योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि यह 44वां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है। हमने इन सेंटरों में पिछले 5 वर्षों में सवा लाख अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग दी है। अरुण वाधवान ने कहा कि शिक्षा में टैलेंट को विकसित करना समय की आवश्यकता है। निदेशक ने बताया कि महाविद्यालय में स्टूडेंट सेंट्रिक गवर्नेंस होनी चाहिए। अंत में आरएसी विभाग के अध्यक्ष राजेश ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एचवीएसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का संचालन

यह केंद्र दिसंबर 2025 से संचालन शुरू करेगा। यह एचवीएसी तकनीक में नवाचार को बढ़ावा देगा और इंजीनियरों, तकनीशियनों और उद्योग विशेषज्ञों के लिए प्रशिक्षण केंद्र का काम करेगा।

### कालवाड़ रोड रामकुई पचार स्थित गौशाला परिसर में संत सीतारामदास महाराज के सान्निध्य में हुआ आयोजन

# विश्व शांति के संकल्प के साथ रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति

**नौ दिनों तक महायज्ञ में अनेक श्रद्धालुओं ने अर्पित कीं आहुतियां**

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** कालवाड़ रोड रामकुई पचार स्थित गौशाला परिसर में संत सीतारामदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित 105वें 108 कुंडीय रुद्र महायज्ञ की शनिवार को वैदिक विधि-विधान के साथ पूर्णाहुति हुई। नौ दिनों तक चले महायज्ञ में अनेक श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कीं। महायज्ञ की पूर्णाहुति पर अखिल भारतीय संत समिति, राजस्थान के अध्यक्ष एवं हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने सहभागिता करते हुए सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः के भाव के साथ विश्व शांति, राष्ट्र की उन्नति, गौ संरक्षण तथा जनकल्याण की कामना की। संत सीतारामदास महाराज ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे महायज्ञ ना केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत करते हैं, बल्कि समाज को धर्म, सेवा और संस्कारों से जोड़ने का कार्य भी करते हैं।

इस पावन अवसर पर दादू पीठाधीश्वर दादू मठ नरैना के ओमप्रकाश दास महाराज, बुधगिरी मंडी फतेहपुर के दिनेश गिरी महाराज, लोहार्गल मंडल अध्यक्ष माधव दास महाराज, बाहुबली देवाचार्य महाराज, सामरिया धाम देवाचार्य महाराज, पलसाना धाम के मनोहर शरण महाराज, रामकुटिया धाम के अच्युत कृष्ण दास महाराज, चंद्रमादास महाराज, हीरापुरी महाराज सहित अनेक संत-महंत, यज्ञ समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

## श्री राधा मोहनजी मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव आयोजित, सजाई झांकी

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** दुर्गापुरा स्थित मंदिर श्री राधामोहन जी में शनिवार को पौष बड़ा महोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। मंदिर महंत जगदीश शर्मा दिवाकर ने बताया कि भगवान का गुनगुने जल से प्रातः पंचामृत से अभिषेक कर नवीन पोशाक एवं नवीन मुकुट धारण कराए गए।

भगवान की भव्य फूल बंगला झांकी सजाकर विशेष श्रृंगार किया। इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। राजस्थानी भजन गायक कान्हा मारवाड़ी मंडली और दुर्गापुरा महिला मंडल ने भजनों के माध्यम से ठाकुरजी का गुणगान किया। इस मौके पर भगवान को हलवे और बड़े का भोग लगाकर महाआरती की गई। भक्तों को दोना प्रसादी वितरित की गई।

# बंगाल में उभरते हिंदू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण



ललित गर्ग

निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिंदू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं?

पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिंदू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोर्चाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है, या पश्चिम बंगाल में लगातार हिंदुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकूल जवाब है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है।

पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बांटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खे भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अत: आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके।

निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिंदू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। 'गजवा हिंद' के प्रलापों के प्रतिकार में 'भगवा हिंद' का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि 'यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी' बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा।

इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिंदू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि 'राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा' एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा।

इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। परंतु यदि हिंदू

> निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिंदू-विरोधी साजिशों एवं षड्यंत्रों का अंत चाहते हैं?

मतदाता नए सांस्कृतिक उभार से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं, तो पहली बार बंगाल की सत्ता-समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और संघ परिवार का प्रयास भी इसी दिशा में है कि धार्मिक सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना का मंच बनाकर हिंदू अस्मिता को वैचारिक शक्ति प्रदान करना। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक प्रवचनीय हस्तक्षेपों द्वारा बंगाल में हिंदू एकता और पहचान को जागृत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। इस राजनीतिक परिपाटी में बाबा बागेश्वर जैसे मंच प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, धर्म-सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना की पाठशाला में बदला जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा का बंगाल में सक्रिय होना उसी रणनीति की कड़ी है, क्योंकि उनका सशक्त भाषण हिंदू भावनाओं को झकझोरता है। बंगाल जिसकी पहचान बौद्धिक विनम्रता, कविता, महात्म्य और सहिष्णुता से जुड़ी रही है, वह अब टकराव, ध्रुवीकरण और प्रतिआक्रामकता की ओर बढ़ता दिख रहा है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों में भावनात्मक आवेश बढ़ रहा है और नेताओं द्वारा इस माहौल को चुनावी लाभ के लिए साधने की त्रासद कोशिशें तेज हैं। यह परिस्थिति बंगाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौतीपूर्ण है।

फिर भी एक बात निर्विवाद है-बंगाल में एक नई चेतना, एक नई आकांक्षा जन्म ले रही है। यह पूर्ण क्रांति है या क्रांति का शंखनाद, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, परन्तु प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। हिंदू पहचान की राजनीति बंगाल में निर्णायक होती जा रही है, मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति पहली बार चुनौती में दिखाई दे रही है और ममता बनर्जी की सत्ता को सांस्कृतिक विरोध का नया मोर्चा मिला है। अब यह समय बताएगा कि यह उभार सत्ता बदलता है या सामाजिक संवाद को बदलता है। लेकिन इतना तो तय है कि बंगाल की राजनीति अब केवल विकास, योजनाओं और नेतृत्व की नहीं, बल्कि पहचान, इतिहास और प्रभुत्व की राजनीति बन चुकी है। यही कारण है कि धार्मिक मंचों की आवाजें चुनावी मैदान की धड़कन बन रही हैं। बंगाल अपने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जहां राम का दावा और राम की भूमि का संकल्प राजनीति, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करने वाला तत्व बन चुका है।

न केवल मुस्लिम तुष्टिकरण बल्कि भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रक्रिया बन गई है। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिए कानून की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का या अब बाबरी मस्जिद का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। तृणमूल कांग्रेस हिंदुओं को पश्चिम बंगाल में सेकेंड क्लास सिटीजन एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की उसकी सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलकती रही है। ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। मौजूदा वक्त में पश्चिम बंगाल में जो चल रहा है वह महज 'बागेश्वर बनाम बाबरी विवाद' नहीं है, यह सांस्कृतिक-धार्मिक पुनर्स्थापन की कोशिश बनाम राजनीतिक मुस्लिम केंद्रवाद की प्रतिस्पर्धा है। अभी के लिए, बंगाल की जमीन पर धर्म, राजनीति और पहचान का नया त्रिकोण उभर चुका है और वही आने वाले समय में बंगाल की राजनीतिक दिशा, सामाजिक संबंधों और सत्ता के समीकरणों को आकार देगा।

## पश्चिम बंगाल में मिनी अयोध्या : टीएमसी के 'बाबरी फाउंडेशन' का जवाब



पश्चिम बंगाल में मिनी अयोध्याः ये पोस्टर स्थानीय बीजेपी नेता और बिधाननगर यूनिट के पूर्व अध्यक्ष संजय पोयरा के नाम से जारी किए गए हैं। शहर के मुख्य स्थानों जैसे सिटी सेंटर और करुणामयी पर लगे इन पोस्टरों में दावा किया गया है कि लगभग चार बीघा जमीन पर अयोध्या जैसा विशाल मंदिर बनाया जाएगा।

हालांकि उन्होंने मंदिर के लिए प्रस्तावित जमीन की लोकेशन बताने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि फिलहाल जगह का खुलासा नहीं किया जा सकता, क्योंकि इससे अनावश्यक बाधाएं पैदा हो सकती हैं।

बीजेपी नेता ने दावा किया कि कई लोग पहले ही जमीन, निर्माण सामग्री और मूर्तियां दान देने की पेशकश कर चुके हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मंदिर का भूमिपूजन और शिलान्यास 26 मार्च, यानी रामनवमी के दिन किया जाएगा। मंदिर परिसर में अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने का दावा पोस्टरों में दावा किया गया है कि यह प्रस्तावित राम मंदिर सिर्फ पूजा स्थल नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक समुदाय-सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत बच्चों के लिए शिक्षा केंद्र, गरीब और जरूरतमंदों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं, बुजुर्गों के रहने और देखभाल की व्यवस्था तथा महिलाओं के विकास से जुड़ी योजनाएं शामिल की जाएंगी। इससे स्पष्ट होता है कि परियोजना 'भक्ति और जनसेवा' दोनों को जोड़ने वाली सोच को आगे बढ़ाने का दावा करती है। पोयरा ने इसे 'राम राज्य' के विचार को मूर्त रूप देने वाला सामाजिक और आध्यात्मिक अभियान बताया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इस परियोजना के लिए किसी सरकारी मंजूरी या भूमि का औपचारिक चयन अभी तक हुआ है या नहीं। यह प्रस्तावित राम मंदिर परियोजना सीधे-सीधे पश्चिम बंगाल के आगामी चुनावी माहौल से जुड़ी प्रतीत होती है और इसे राज्य में हिंदुत्व के मुद्दे को प्रमुखता से उभारने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव से पहले इस तरह की पहलें अक्सर धार्मिक प्रतीकों और भावनात्मक संदेशों के माध्यम से मतदाताओं से जुड़ने की रणनीति का हिस्सा होती हैं। बंगाल में पिछले कुछ समय से मंदिर-मस्जिद के मुद्दे को लेकर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और बयानबाजी भी स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। राम मंदिर के लिए चंदा देने की अपील बीजेपी नेता संजय पोयरा ने इसे राम राज्य की अवधारणा पर आधारित एक सामाजिक और आध्यात्मिक आंदोलन बताया। उनका कहना है कि 'राम के राज्य में राम का मंदिर अवश्य होना चाहिए। बिधाननगर में अयोध्या जैसा ही राम मंदिर बनेगा।' इसके लिए उन्होंने लोगों से सिर्फ एक-एक रुपए का योगदान देने की अपील की। उनका कहना है कि 'अगर लोग मंदिर के लिए एक रुपया भी दान करेंगे, तो हम उसे खुशी-खुशी स्वीकार करेंगे।'

**टीएमसी के 'बाबरी फाउंडेशन' का जवाबः** यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब हाल ही में 6 दिसंबर 2025, यानी बाबरी विध्वंस की बरसी के दिन, निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद के रेजिनगर में बाबरी की नींव रखी थी। इसके जवाब में भाजपा ने उसी दिन मुर्शिदाबाद में राम मंदिर के लिए भूमिपूजन किया था और ममता सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया था। नया राम मंदिर प्रोजेक्ट इस राजनीतिक खींचतान को और बढ़ा सकता है। हालांकि बिधाननगर सिविक अथॉरिटी ने अभी तक इस निर्माण के लिए किसी औपचारिक आवेदन की पुष्टि नहीं की है।

## राशिफल

**आज दिनांक 14 दिसम्बर, 2025, रविवार, का पंचाग विक्रम संवत् 2082, पौष माह कृष्ण पक्ष तृतीया, पुनर्वसु नक्षत्र, वणिज करण, शुक्ल योग, राहुकालः सायं 4:17 से 5:36 बजे, सूर्योदय सुबह 6:59 बजे, सूर्यास्त सायं 5:37 बजे, चंद्रोदय रात 8:15 बजे, चंद्रास्त सुबह 10:16 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:57 बजे से 12:39 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:24 से 6:12 बजे तक, चंद्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।**




इस सप्ताह कोई खास बात सीखने को मिलेगी, जिससे आपका मनोबल भी बढ़ेगा। वरिष्ठ तथा अनुभवी व्यक्तियों के अनुभवों से आपको अपने जीवन से जुड़े कई समस्याओं संबंधी उचित मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। व्यस्तता के बावजूद अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ संपर्क बनाकर रखना मधुरता बनाएगा।




यह सप्ताह समय कुछ मिले-जुले प्रभाव वाला रहेगा। अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए रचनात्मकता पर भी ध्यान दें। घर के लिए कोई खास वस्तु खरीदने के लिए परिवार जनों के साथ बाजार में मौज मस्ती भी रहेगी। किसी संबंधी के यहां जाने का भी निमंत्रण आ सकता है।




इस सप्ताह कोई निर्णय लेने में असमंजस की स्थिति रह सकती है। घर के वरिष्ठ व्यक्ति की उचित सलाह से आपको अवश्य ही सफलता प्राप्त होगी। मित्रों और संबंधियों के साथ हंसी-मजाक और मनोरंजन में भी समय व्यतीत होगा। किसी परियोजना आदि की वजह से यात्रा भी संभव है। कंप्यूटर तथा मीडिया से जुड़े व्यवसाय में नए अवसर प्राप्त होंगे।




किसी कार्य को पूरा करने में बहुत अधिक मेहनत करनी पड़े, तो हिम्मत न हारें। आपको बेहतरीन परिणाम भी मिलने की संभावना है। संतान के उचित व्यवहार से भी मन में सुकून रहेगा। संबंधियों के साथ फोन द्वारा संपर्क में रहें, उनके द्वारा आपको कई नई लाभदायक जानकारियां मिलेंगी।




आपका संयम और विनम्रता रखना दूसरों पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। बेकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अपने कार्यों में ही व्यस्त रहें। निश्चित ही आपको सफलता मिलने वाली है। परिवार के साथ किसी धार्मिक गतिविधि में समय व्यतीत करने से शांति महसूस होगी। दांपत्य संबंधों में पुनः मधुरता आएगी।




आपकी बोलचाल तथा व्यवहार कुशलता जैसे गुणों से आपको अपने आर्थिक और व्यवसायिक मामलों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक सुख-सुविधाओं संबंधी ऑनलाइन खरीदारी में भी खुशनुमा समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में किसी प्रभावशाली व्यक्ति की सलाह और मदद आपको कोई नई उपलब्धि हासिल करवा सकती है।




इस सप्ताह कुछ अनुभवी लोगों के सानिध्य में आपको सकारात्मक अनुभव सीखने को मिलेंगे। इससे आपको किसी भी मुश्किल समस्या में समाधान ढूंढने में सहायता मिलेगी। संपत्ति संबंधी किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए उचित समय है।




इस सप्ताह सामाजिक गतिविधियों में अपनी उपस्थिति जरूर रखें। महत्वपूर्ण लोगों के साथ मुलाकात लाभदायक रहेगी। घर तथा व्यवसाय दोनों जगह उचित सामंजस्य बना रहेगा। कोई पारिवारिक मामला उलझा हुआ है, तो उसका समाधान निकल सकता है।




कुछ समय खुद के लिए भी निकालें। आत्म मनन करने से आपको कई समस्याओं का समाधान मिलेगा, साथ ही मानसिक शांति भी रहेगी। आपको कोई विशेष उपलब्धि हासिल होने वाली है। दृढ़ निश्चय और मेहनत से अपने कार्यों में भरपूर समय दें।




इस सप्ताह कुछ न कुछ उतार-चढ़ाव रहेंगे। आप अपने आत्मविश्वास और मेहनत से काफी हद तक परिस्थितियों अनुकूल भी हो जाएंगी। युवा वर्ग अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानें और उसका उपयोग करें। इस समय बनाई गई योजनाएं निकट भविष्य में शुभ अवसर प्रदान करने वाली हैं।




शनैः- शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगें।




मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

## लालच की वजह से सुखी जीवन में भी बढ़ सकती हैं परेशानियां

**प्रेरक प्रसंग**

**किसी** गांव में पति-पत्नी सुखी जीवन जी रहे थे। पति दिनभर राजा के महल में मेहनत करके एक स्वर्ण मुद्रा कमा लेता था। वह व्यक्ति बहुत ईमानदार था, इस कारण राजा का प्रिय था। उसकी पत्नी भी बुद्धिमानी से घर चलाती थी। एक दिन महल से घर लौटते समय में उस व्यक्ति को एक यक्ष मिला। यक्ष ने उस व्यक्ति से कहा कि मैं तुम्हारी ईमानदारी और मेहनत से बहुत खुश हूं। इसलिए मैं तुम्हें सोने के सिक्कों से भरे सात घड़े दे रहा हूं। तुम्हें ये घड़े अपने घर में मिल जाएंगे। इस पर वह व्यक्ति बहुत खुश हुआ। घर पहुंचकर उसने पूरी बात पत्नी को बताई। अंदर कमरे में जाकर देखा तो वहां सात घड़े रखे हुए थे। उनमें से 6 घड़े तो सोने के सिक्कों से पूरे भरे थे, लेकिन एक घड़ा थोड़ा खाली था। सातवें घड़े को देखकर पति को गुस्सा आ गया और बोला कि यक्ष ने धोखा दिया है। पति गुस्से में उसी जगह पर पहुंचा, जहां उसे यक्ष मिला था। यक्ष प्रकट हुआ और उसने कहा कि सातवां घड़ा तुम अपनी कमाई से भर लेना। व्यक्ति ने सोचा कि थोड़ा सा घड़ा भरने में कुछ ही दिन लगेंगे, मेरे पास बाकी 6 घड़े तो पूरे भरे हैं। घर आकर उसने पत्नी से कहा कि सातवां घड़ा हम खुद भर देंगे। अगले दिन से पति-पत्नी ने बचत करनी शुरू कर दी और खाली खड़े में सोने के सिक्के डालना शुरू कर दिए। बहुत दिनों के बाद भी सातवां घड़ा भरा ही नहीं रहा था। धीरे-धीरे पति बहुत कंजूस हो गया, वह खाली घड़े को जल्दी से जल्दी भरना चाहता था। घर में पैसों की कमी आने लगी। व्यक्ति की पत्नी ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। कुछ ही दिनों में घर की शांति भंग हो गई। बात-बात लड़ाई-झगड़े होने लगे। सुख के दिन दुख में बदल गए। जब राजा को मालूम हुआ कि सेवक के घर में धन की कमी हो गई है तो उन्होंने दो स्वर्ण मुद्राएं रोज देना शुरू कर दी, लेकिन इसके बाद भी उसका सुख-चैन वापस नहीं आया। एक दिन राजा ने सेवक से पूछा कि क्या तुम्हें किसी यक्ष ने सात घड़े दिए हैं? सेवक ने कहा कि जी महाराज। सेवक ने पूरी बात राजा को बताई। राजा ने सेवक से कहा कि तुम अभी जाकर सातों घड़े यक्ष को वापस कर दो, क्योंकि सातवां घड़ा लोभ का है। ये कभी भी भरेगा नहीं। लोभ की भूख कभी शांत नहीं होती है। सेवक को राजा की बात समझ आ गई और उसने सातों घड़े यक्ष को लौटा दिए। इसके बाद पति-पत्नी दोनों सुखी हो गए। इस कथा की सीख यही है कि लालच को जल्दी से जल्दी छोड़ देना चाहिए, वरना जीवन में समस्याएं बढ़ने लगती हैं।

## सुडोकु 2114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | 9 | 3 | 8 |
| | | | | | | | | 6 |
| 5 | | | | 1 | | | | |
| 4 | | | | 2 | | | | |
| | | | 3 | 6 | | | 7 | |
| | | | 5 | | 8 | | 4 | |
| | 6 | | | | 1 | | 8 | |
| 8 | | | 2 | | 7 | | 1 | |
| | 3 | | | | | 5 | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 6 | 2 | 7 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 4 | 6 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 8 | 1 | 5 | 2 |

## स्पोर्ट्स

## बीकेडी महाविद्यालय ने एसबीएन कॉलेज को चार रन से हराया



महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** सेठ मोतीलाल कॉलेज, झुंझुनूं में शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर की पुरुष क्रिकेट टीम उपविजेता रही। फाइनल मुकाबला बीकेडी महाविद्यालय के साथ खेला गया। अंतिम ओवर तक चले मैच में एसबीएन कॉलेज को मात्र चार रन के नजदीकी अंतर से हार का सामना करना पड़ा। शुभम शर्मा ने 226 रनों की शानदार पारी खेलते हुए टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने 5 विकेट भी चटकाए। वहीं अंकित गुर्जर ने गेंदबाजी में कहर बरपाते हुए 16 विकेट झटके और बल्लेबाजी में 92 रन भी बनाए। दोनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के आधार पर उन्हें संयुक्त रूप से मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड प्रदान किया गया।

## डीएसए रेलवे जयपुर ने हरियाणा को हराकर फाइनल में बनाई जगह




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे गणपति स्टेडियम में चल रहे ऑल इंडिया मल्टी-स्पोर्ट्स एवं क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन डीएसए रेलवे जयपुर और हरियाणा टीम के बीच सेमीफाइनल मुकाबला हुआ। डीएसए रेलवे जयपुर ने हरियाणा को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच के दौरान टीम के खिलाड़ियों ने सामूहिक समर्पण, उत्कृष्ट टीमवर्क और रणनीति का परिचय दिया। मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने का सुंदर जरिया है। युवा प्रतिभाओं का उत्साह भविष्य में भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के धीरज गौतम, जय जननी संस्था की संस्थापक अनु गुप्ता, शिवानी बैस, डॉ.डेजी शर्मा आदि मौजूद रहे। फाइनल रविवार का होगा।

## वृंदा क्लब ने स्टार टीम को परास्त कर जीता फाइनल मुकाबला



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** वृंदा क्रिकेट क्लब तत्वावधान में 20-ट्वेन्टी मुकाबला खेला गया। वृंदा स्टार ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर मे शंभू (22) रोमेश के 65 रनों के महत्वपूर्ण योगदान से 155 रन बनाए। रॉयल की तरफ से प्रतीक राठौड़ ने 4 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके जवाब में वृंदा रॉयल ने चंद्रेश सिंह (45), आकाश बंसल (21) की आक्रामक पारी से वृंदा स्टार को 3 विकेट से परास्त किया। वृंदा रेजिडेंट से क्लब सदस्य नितिन गुप्ता एवं सौरभ शर्मा द्वारा विजेता कप्तान आकाश बंसल को ट्रॉफी, बेस्ट बॉलर नितिन गुप्ता, प्लेयर ऑफ द मैच के लिए प्रतीक राठौड़, बेस्ट बैट्समैन के लिए रोमेश यादव को सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।

## विश्व हिन्दू परिषद ने किया पंचांग का वितरण



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद की ओर से श्रीमती शिवदेवी देवीप्रसाद गोयनका फाउण्डेशन प्रकाशित बहुउपयोगी श्री बीरां बरजी दादीजी पंचांग का वितरण किया गया। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के पंजाब प्रांत संयोजक व केन्द्रीय टोली के सदस्य रामकुमार व्यास ने बताया कि सनातन धर्म में ऋषि मुनियों द्वारा भारतीय पंचांग की उपज हुई है। भारतीय पंचांग से हिन्दू तीज-त्यौहार, व्रत, शुभ मुहूर्त, सूर्य ग्रहण व चंद्र ग्रहण आदि का पता चलता है। भारतीय पंचांग काल गणना पर आधारित रहता है। विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक रामकुमार सिंह राठौड़ ने बताया कि भारतीय पंचांग से चौघड़िया द्वारा अनेक उपयोगी जानकारी मिलती है। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया, प्रखण्ड उपाध्यक्ष लक्ष्मण स्वामी, प्रखण्ड मंत्री सुरेश कुमावत, सह मंत्री अनिल बिरोलिया, बजरंग दल श्रीराम बस्ती संयोजक अंशु सैनी, मेजर डीपी शर्मा, श्यामसुंदर सेकसरिया व पवन कच्छावा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा अभियान : सुरक्षित यातायात का दिया संदेश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, साहुनगर में जिला कलेक्टर कानाराम के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि यातायात नियमों की पालना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत 25 दिसम्बर तक बाल वाहिनियों एवं उनके चालकों की नेत्र जांच, ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को भी सड़क सुरक्षा नियमों की पालना के लिए प्रेरित करें। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें।

**यातायात जागरूकता पोस्टर का विमोचन :** इस दौरान जिला कलेक्टर कानाराम ने 'नो हेलमेट नो एंट्री, नो सीट बेल्ट नो एंट्री' संदेश वाले यातायात जागरूकता पोस्टर का विमोचन करते हुए सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का स्वयं पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। साथ ही, सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलवाई गई। इस दौरान पूर्व उपसभापति राजेश गोयल ने नशे में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग तथा तेज गति से बचने की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित यातायात ही जीवन की सुरक्षा का आधार है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जैमिनी ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीना, जिला परिवहन अधिकारी हनुमान मीणा, एडीपीसी समसा दिनेश गुप्ता, यातायात प्रभारी राकेश शर्मा, जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

**सवाई माधोपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजनों की कड़ी में शनिवार को सुरक्षित यातायात और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पर फोकस रहा। आमजन को सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान शुरू किया। इस क्रम में जिला मुख्यालय पर बाइक रैली का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह मीणा ने 'सड़क सुरक्षा नियमों का करो सम्मान, ना होगी दुर्घटना, ना होंगे आप परेशान' थीम के साथ पुलिस लाइन मैदान से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। यह रैली पुलिस लाइन मैदान से प्रारंभ होकर कलक्ट्रेट, गणेश होटल, एचडीएफसी बैंक, टोंक बस स्टैण्ड, शर्मा होटल, अम्बेडकर सर्किल होते हुए कलक्ट्रेट परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से हेलमेट, सीट बेल्ट, गति नियंत्रण एवं यातायात नियमों के पालन का संदेश आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया गया। बाइक रैली के कलक्ट्रेट परिसर पहुंचने पर बाइक चालकों का जोरदार स्वागत किया गया।



प्रशासनिक अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और यातायात नियमों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि इस लोगों की सक्रियता से सुरक्षित और अनुशासित यातायात संस्कृति का निर्माण हो सकेगा।

# राजनीति से ऊपर उठकर करें राष्ट्र का निर्माणः शेखावत

### केंद्रीय मंत्री का बाड़मेर दौरा : जल संरक्षण में बाड़मेर की मिसाल, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/बाड़मेर।** केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि जल संरक्षण जैसे विषयों को राजनीति से ऊपर उठकर देखना चाहिए, क्योंकि यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है।

वे शनिवार को राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विकास रथ की रवानगी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शेखावत ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन और सीमा जागरण, दोनों एक सुरक्षित और विकसित भारत की बुनियाद हैं।

केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत बाड़मेर जिले को जल संरक्षण के क्षेत्र में मिली बड़ी उपलब्धि पर बधाई देकर की। उन्होंने कहा कि जल संचय और वर्षा जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए बाड़मेर जिले को राष्ट्रपति के हाथों एक करोड़ रुपए का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह सफलता जिला कलेक्टर टीना डाबी, उनकी टीम, जनप्रतिनिधियों और भाजपा संगठन के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। शेखावत ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने केंद्र की योजनाओं को तत्परता से लागू करते हुए 'नो वन शुड बी लेफ्ट बिहाइंड' की भावना को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले योजनाओं के क्रियान्वयन में राजनीतिक भेदभाव देखने को मिलता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन का ऐसा मॉडल विकसित हुआ है, जिसमें योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। युवाओं को संबोधित करते हुए शेखावत ने कहा कि वे परिवर्तन की इस पीढ़ी के साक्षी ही नहीं, बल्कि सारथी भी हैं और उनका हर प्रयास भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में होना चाहिए।



इसके बाद बाखासर में ठाकुर बलवंत सिंह बाखासर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नया भारत केवल भाषणों से नहीं, बल्कि सशक्त राजनीतिक इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व से बना है। शेखावत ने कहा कि आज भारत स्वदेशी हथियार निर्माण, आधुनिक मिसाइल प्रणाली और तेजस जैसे लड़ाकू विमानों के माध्यम से सामरिक आत्मनिर्भरता की ओर निर्णायक कदम बढ़ा रहा है।

### राष्ट्रीय हित से ऊपर राजनीति करने वालों पर प्रहार

**जयपुर/जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे हैं, जिनकी सोच हमेशा राष्ट्रीय हितों से ऊपर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को प्राथमिकता देती रही है। उन्होंने कहा कि यह मानसिकता न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि देश की एकता और अखंडता के लिए भी घातक है।

शनिवार को अपने गृह जनपद जोधपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री शेखावत ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिना नाम लिए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए वंदे मातरम् जैसे पवित्र गीत तक के टुकड़े किए। आज भी वही सोच और वही मानसिकता दिखाई देती है, जो राष्ट्र की एकता और स्वतंत्रता के मंत्र को राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू में तौलती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए शेखावत ने कहा कि भारत तेजी से 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नए गवर्नेंस मॉडल के चलते देश के गरीबों के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव आया है और लगभग 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।

## शेखावाटी विवि के कुलगुरु प्रो. राय को वाइस-चांसलर ऑफ द ईयर अवॉर्ड



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर/जयपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय को लंदन स्कूल ऑफ डिजिटल बिजनेस की ओर से लीप 2025 ग्लोबल अवॉर्ड्स में प्रतिष्ठित 'वाइस-चांसलर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार, कुशल नेतृत्व क्षमता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दिया गया है।

कुलगुरु प्रो. राय ने बताया कि दुबई में ग्रैंड अवॉर्ड्स समारोह में यह सम्मान दिया जाना था, लेकिन काम की व्यस्तताओं के चलते वे समारोह में शामिल नहीं हो पाए। लंदन स्कूल ऑफ डिजिटल बिजनेस के भारतीय प्रतिनिधि ने हाल ही यह ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए हैं। उल्लेखनीय है कि इस सम्मान के लिए दुनिया भर में चुनिंदा शिक्षाविदों और भारत से केवल तीन विद्वतजनों का चयन हुआ है। राजस्थान से केवल प्रो. अनिल कुमार राय को इस सम्मान से नवाजा गया है।

## तीन सरकारी रास्तों से हटाया अतिक्रमण

**श्रीमाधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** क्षेत्र में तीन जगहों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में शनिवार को तीन सरकारी रास्तों को अतिक्रमण से मुक्त कराया। जेसीबी मशीन की मदद से वर्षों से अवरुद्ध पड़े रास्तों को सुचारू कराया गया। तहसीलदार बैरवा ने बताया कि परिवादी बाबूलाल बिजारणियां द्वारा श्रीमाधोपुर की ढाणी बांकली वाली, परिवादी कालूराम निठारवाल द्वारा हांसपुर की ढाणी कांकरिया वाली तथा परिवादी बलवीर सैनी द्वारा ढाणी बिंज्यावाली, श्रीमाधोपुर में सरकारी रास्तों पर अतिक्रमण की शिकायतें यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की जनसुनवाई में दर्ज करवाई गई थीं। पटवारी जांच रिपोर्ट में शिकायतें सही पाए जाने पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मौके से अतिक्रमणकारियों को भौतिक रूप से बेदखल किया। इस कार्यवाही में पटवारी अरविंद सैनी, सुरेश गोरा, नवीन कुमार, हरिप्रसाद यादव, भू-अभिलेख निरीक्षक तेजपाल मीना सहित श्रीमाधोपुर, अजीतगढ़ एवं खंडेला थानों के पुलिस जाब्ते ने भाग लिया।



## लालसोट विधायक ने संवासा में किया 132 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन का लोकार्पण



**लालसोट (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** विधायक रामबिलास मीना ने शनिवार को उपखंड के संवासा में 132 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक मीना ने कहा कि यह महत्वपूर्ण पावर स्टेशन क्षेत्रवासियों के साथ-साथ किसानों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि 132 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन से कृषि कार्यों के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी और विद्युत संबंधी समस्याओं का किसानों को स्थायी समाधान मिलेगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रूपसिंह मीना, अनिल बैनाड़ा, रामखिलाड़ी मीना, मंडल अध्यक्ष बलराम बैरवा, श्रीफूल मीना, महामंत्री चंद्रमल मीना, सत्यनारायण गुप्ता, राजेंद्र मीना अधीक्षण अभियंता, नीरज बत्रा, रमेश अधीक्षण अभियंता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता विमला बेनीवाल को आरजीपीआरएस प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

**झुंझुनूं (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** कांग्रेस संगठन को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कांग्रेस की सक्रिय नेता विमला बेनीवाल को आरजीपीआरएस (राजीव गांधी पंचायती राज संगठन) का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा और मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है। विमला बेनीवाल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगी।



## हरप्रीत सिंह अध्यक्ष, श्रवण शर्मा बने महासचिव



**चाकसू (महानगर टाइम्स संवाददाता )।** दी बार एसोसिएशन चाकसू के द्विवार्षिक चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी महेश सैनी, मुकेश मामोड़िया, जितेंद्र गौतम के अनुसार चुनाव में अध्यक्ष पद पर हरप्रीत सिंह ने को 24 वोट से जीत हासिल की। महासचिव पद पर श्रवण लाल शर्मा व पुस्तकालय पद पर विष्णु सैनी चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर संजीवन नैनवाल व मुकेश पारीक, कोषाध्यक्ष पद पर ऋषभ जैन व उपकोषाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, संयुक्त सचिव रामलाल जाट, संस्कृति सचिव पद पर हेमराज प्रजापत निर्वाचित हुए हैं। कार्यकारिणी सदस्य अक्षत शर्मा, चंद्रदीप सिंह, मीनाक्षी शर्मा, नीरज शर्मा, राधाकृष्ण शर्मा, सुरेंद्र बैरवा, मनोज चौधरी, किशन मीणा, नानूराम मीणा निर्वाचित हुए।

## जिला प्रभारी मंत्री ने दो विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जैसलमेर।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत जैसलमेर जिले में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को जिला प्रभारी मंत्री व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर से विधानसभावार दो एलईडी विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला प्रभारी मंत्री ने बताया कि जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ये विकास रथ आगामी



26 दिसम्बर तक जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव ढाणी-ढाणी तक जाकर केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि इन विकास रथों में सुझाव पेटिका भी रखी गई है, उसके माध्यम से आमजन अपने सुझाव भी डाल सकते हैं।

इस अवसर पर जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला कलेक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे, अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसराम सैनी, सीईओ रश्मि रानी, जिला परिवहन अधिकारी टीकूराम सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विभागीय अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रभारी मंत्री ने सभी संभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

# उपजिला चिकित्सालय भवन का विधायक बैरवा ने किया शिलान्यास

महानगर टाइम्स संवाददाता

**चाकसू।** चाकसू कस्बे में टोंक रोड पर शीतला माता के पास स्थित झरनियों में शनिवार दोपहर उप जिला अस्पताल के भवन निर्माण का शिलान्यास चाकसू विधायक रामअवतार बैरवा ने भूमि पूजन कर किया।

इस अवसर पर विधायक बैरवा ने कहा कि अस्पताल का निर्माण कार्य 18 महीने में पूरा कर लिया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 24 करोड़ रुपए



होगी। यह पहले चरण का कार्य है, जबकि दूसरे चरण के पूरा होने तक कुल लागत 70 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। परिसर में मुख्य अस्पताल भवन, मॉच्युरी, लॉन्ड्री, आईसीयू, पीआईसीयू, ईएनटी ओटी, ऑर्थो ओटी, आईओटी, गाइनीओटी, जनरल सर्जरी ओटी, दो इमरजेंसी ओटी, 24 क्वार्टर होंगे। यह अस्पताल 100 बेड की क्षमता वाला होगा। 250 फोर व्हीलर और 500 टू व्हीलर पार्किंग, कैंटीन और गार्डन क्षेत्र विकसित किया जाएगा।

**विधायक ने की विकास कार्यों की घोषणाः** समारोह को संबोधित करते हुए विधायक बैरवा ने कई अन्य विकास कार्यों की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसी अस्पताल परिसर के पास दो बीघा जमीन पर श्रीगिर्राज धरण का मंदिर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा।

इसके अतिरिक्त भूमि आवंटित कर भगवान श्री राम मंदिर का भी निर्माण करवाया जाएगा। इसी क्षेत्र में एक आईटीआई कॉलेज का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा।

विधायक ने कहा कि चाकसू शहर में तीन बड़ी पानी की टंकियों का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। चाकसू में जयपुर और टोंक की दिशा वाली एप्रोच सड़कों पर डिवाइडर बनाए जाएंगे। कोटखावदा में भी जल्द ही सैटेलाइट अस्पताल निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इस दौरान चाकसू प्रधान उगन्ता देवी, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा, नगर अध्यक्ष कृष्णा सैनी, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीना, देहात अध्यक्ष किशन धाबाई, अस्पताल प्रभारी डॉ. ऋतुराज मीणा, डॉ. शंकर प्रजापति, डॉ. संजय मीना आदि मौजूद रहे।

# ‘मुखबिरी क्यों की...’ बदमाशों ने युवक को बेरहमी से पीटा, फिर चला दी गोली

महानगर टाइम्स संवाददाता

**डीडवाना-कुचामन।** जिले के बिल्लू गांव में शुक्रवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कार सवार बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

गांव के तेजा चौक पर हुई इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इस मामले में डीडवाना-कुचामन एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि आरोपियों के तार दो अन्य बड़े मामलों से भी जुड़े हो सकते हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिल्लू गांव निवासी विपिन मेघवाल पर सफेद रंग की कार में सवार चार बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया।



### बदमाशों की तलाश जिलेभर में नाकाबंदी


सूचना मिलते ही बडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने जिलेभर में नाकाबंदी करवाई है और बदमाशों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। पुलिस संभावित फरारी रूट, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी इनपुट के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि मामला आपसी रंजिश से जुड़ा हो सकता है। बताया जा रहा है कि घायल युवक विपिन मेघवाल पहले जयपुर में सैलून का संचालन करता था और कुछ समय पहले ही गांव वापस आया था।

आरोपियों ने पहले युवक को घेरकर उसके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद बदमाशों ने उस पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

### बदमाशों ने मारपीट कर की फायरिंग

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिखाई देता है कि बदमाश विपिन मेघवाल की बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं। साथ ही उस पर मुखबिरी करने का आरोप लगा रहे हैं। युवक बार-बार खुद को निर्दोष बताते हुए आरोपों से इनकार करता नजर आता है, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट जारी रखी और अंत में फायरिंग कर दी। गोली लगने के बाद घायल युवक को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से तुरंत परबतसर अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे अजमेर रेफर कर दिया गया है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## बदमाशों के सिर मुंडवाए, महिलाओं के कपड़े पहनाकर बाजार में निकाला जुलूस



महानगर टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** कोतवाली थाना पुलिस ने कार लूट और चोरी के अलग अलग मामलों में गिरफ्तार दो आरोपियों के सिर मुंडवाकर उन्हें महिलाओं के कपड़े पहनाए और बाजार में जुलूस निकाला। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर किशनाराम विश्नोई ने बताया कि 11 नवंबर 2024 को विवेक मोगा ने यह मामला दर्ज करवाया था कि शहर के आई हॉस्पिटल के पास उसकी कार रेंटल का कार्यालय है। यहां 9 नवंबर को सत्यनारायण स्वामी नामक व्यक्ति आया और वह अपने दस्तावेज देकर थार गाड़ी किराए पर लेकर चला गया।

पीड़ित का आरोप था कि 10 नवंबर को उसे ठगी का एहसास तब हुआ, जब आरोपी ने किराए पर ली गई एसयूवी गाड़ी का जीपीएस काटकर फेंक दिया और गाड़ी वापस नहीं लौटाई। जब उसने ऑनलाइन भुगतान का विवरण जांचा तो पता चला कि थार गाड़ी ले जाने वाला व्यक्ति सत्यनारायण नहीं, बल्कि बोसाना, सीकर निवासी रविंद्र सिंह है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल सुभाषचंद्र को सौंपी और अनुसंधान करते हुए आरोपी रविंद्र सिंह को गिरफ्तार कर थार गाड़ी बरामद कर ली।

दूसरा प्रकरण चोरी का था। गत 12 दिसंबर 2024 को भूतियावास निवासी उषा जांगिड़ ने कोतवाली थाने में मकान में चोरी का दर्ज करवाया था। इस प्रकरण में पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड निवासी पुरुषोत्तम शर्मा को गिरफ्तार कर किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के सिर मुंडवाए। उन्हें महिलाओं के कपड़े पहनाए और कोतवाली थाने से सुभाष चौक तक पैदल जुलूस निकाला।

## खेत में मिली बिना सिर वाली लाश परिजनों ने जताया हत्या का शक

महानगर टाइम्स संवाददाता

**खींवसर (नागौर)।** खींवसर इलाके के अंतर्गत भावण्डा पुलिस थाना क्षेत्र के खोड़वा गांव में शनिवार को एक किसान के खेत में बिना सिर वाली लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी प्रहलाद राम बुगासरा के रूप में हुई है, जो खेती-किसानी का काम करता था। शव उसके अपने ही खेत में मिला। सूचना मिलते ही भावण्डा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए खींवसर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

भावण्डा थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह के अनुसार, शव का सिर और एक हाथ पूरी तरह क्षत-विक्षत हालत में मिला, जिससे प्रतीत हो रहा है कि किसी विस्फोटक से ब्लास्ट हुआ है। इलाके में बड़ी संख्या में लाइमस्टोन की खदानें चल रही हैं, इसलिए माइनिंग में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों से हादसे की आशंका जताई जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में भी घटना ब्लास्ट से जुड़ी लग रही है, संभवतः खदानों में उपयोग होने वाले बारूद के कारण यह दुर्घटना हुई हो। हालांकि, परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए भावण्डा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। फिलहाल ब्लास्ट से मौत होने की संभावना प्रबल है, लेकिन यह हादसा है या हत्या, इसका पता जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लग सकेगा। घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग दहशत में हैं। पुलिस हर पहलू से मामले की तफ्तीश कर रही है।

## लोहे की रेलिंग से टकराई ट्रैक्टर-ट्रॉली, सीट से उछलकर लटका ड्राइवर



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में हाईवे व सर्विस लाइन के बीच लगी लोहे की रेलिंग में शुक्रवार दोपहर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जा घुसी। हाईवे पर चल रहे एक कंटेनर से टच होने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली आउट ऑफ कंट्रोल हुई थी। लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए घुसे ट्रैक्टर-ट्रॉली की सीट पर बैठा ड्राइवर उछलकर लटक गया। गनीमत रही कि बड़ा सड़क हादसा होने के टल गया।

पुलिस ने बताया कि भांकरोटा इलाके में जयपुर-अजमेर हाईवे पर हादसा हुआ। दोपहर करीब 1 बजे हाईवे पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर ड्राइवर जा रहा था। इसी दौरान उसके पास से कंटेनर निकला। कंटेनर के निकलते समय ट्रैक्टर की छत का हिस्सा उससे टच हो गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली आउट ऑफ कंट्रोल होकर हाईवे व सर्विस लाइन के बीच लगी लोहे की सेफ्टी रेलिंग में जा घुसा। रेलिंग को तोड़ते हुए ट्रैक्टर सर्विस लाइन की तरफ बीच डिवाइडर पर अटक गया। पुलिस ने बताया कि सीट पर बैठा ड्राइवर उछलकर आगे की ओर लटक गया।

जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के समय ड्राइवर की ट्रैक्टर को पकड़ लेने के चलते जान बच गई। गनीमत रही कि इस दौरान हाईवे पर पीछे से और सर्विस लाइन में कोई अन्य वाहन नहीं आ रहा था। जिससे बड़ा सड़क हादसा हो सकता था। भांकरोटा थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त रेलिंग को रोड किनारे करवाया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेंचवर्क में फिसली बाइक

# ट्रक ने दंपती को कुचला, पति की मौत, पत्नी घायल



महानगर टाइम्स संवाददाता

**भीलवाड़ा।** जयपुर-भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में ट्रक ने बाइक सवार दंपती को चपेट में ले लिया। पति की मौके पर मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पत्नी को गुलाबपुरा सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया।

गुलाबपुरा थाना प्रभारी हनुमान सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रूपाहेली भट्टा चौराहे के पास शनिवार दोपहर बदनोर थाना क्षेत्र के मोटरास निवासी अरविंद शर्मा अपनी पत्नी के साथ बाइक से सरेरी में शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेच वर्क में बाइक अचानक फिसल गई। दंपती बाइक समेत गिर गए। इस बीच, पीछे से आए ट्रक ने पति-पत्नी को कुचल दिया। पति अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी गंभीर घायल हैं। पत्नी का इलाज गुलाबपुरा की सीएचसी में चल रहा है। हाईवे पर क्षतिग्रस्त रोड सुधारने के दौरान हुए हादसे की खबर सुनकर क्षेत्रवासियों में रोष फैल गया। लोगों ने पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए।

### हाईवे की मरम्मत का काम जारी

जयपुर-भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई जगह रोड क्षतिग्रस्त है। यहां जगह-जगह रोड तोड़कर डामर की नई चादर चढ़ाई जा रही है। इसी वर्क के बीच बाइक फिसल गई और उस पर सवार दंपती हादसे का शिकार हो गए।

## हाईवे पर तीन गाड़ियां भिड़ीं, पति-पत्नी समेत 3 की मौत





### शादी में शामिल होकर लौट रहे थे दंपती

लखन मालू और उनकी पत्नी सरिता मालू चित्तौड़गढ़ में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। वापस जाते समय हादसा हो गया। लखन मालू सरवानिया महाराज में एक निजी स्कूल चलाते हैं। सरिता भी लखन के स्कूल चलाने में सहायता करती थीं।

**चित्तौड़गढ़।** नेशनल हाईवे 56 पर निंबाहेड़ा के पास शुक्रवार देर रात वैन खड़ी पिकअप से जा टकराई। पीछे से आ रही थार भी वैन में घुस गई। हादसे में वैन में सवार स्कूल संचालक पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद थार ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

सदर थाना प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि हादसे में वैन में सवार दंपती लखन मालू और पत्नी सरिता मालू निवासी सरवानिया महाराज, नीमच मध्यप्रदेश, पिकअप ड्राइवर बसंती लाल प्रजापत निवासी भून्या खेड़ी मंदसौर (मप्र) की मौत हो गई। पिकअप में सवार हस्तीमल पामेचा घायल हो गया, उसे गंभीर हालत में चित्तौड़गढ़ रेफर किया गया है। थाना प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि वसुंधरा मल्टी के सामने एक पिकअप में खराबी आ जाने के कारण खड़ी थी। ड्राइवर उसे ठीक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की तरफ से वैन आई और पीछे से पिकअप से जा टकराई। कुछ ही देर बाद पीछे से आ रही थार गाड़ी ने वैन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वैन पिचक गई।

## करोड़ों रुपए के जमीनी विवाद से शुरू हुई थी गैंगवार, सीकर कोर्ट में पेशी के दौरान थी मर्डर की साजिश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** झुंझुनूं में हुई गैंगवार को लेकर दावा किया जा रहा है कि इसकी जड़ करोड़ों रुपए की जमीन का विवाद है। हालांकि, पुलिस ने अब तक कोई कारण नहीं बताया है।

जानकारी के अनुसार जिस रविंद्र कटेवा पर शुक्रवार को हमला हुआ था, वो इनामी गैंगस्टर है। उसे पहले भी पुलिस ने पकड़ा था और वो जमानत पर बाहर था। दोनों गैंग पहले भी एक-दूसरे पर हमला कर चुके हैं। 12 दिसंबर को भी नवलगढ़ थाना इलाके के खिरोड़ गांव में भी रविंद्र कटेवा को मारने के लिए हमला हुआ था। हालांकि, इसमें उसके साथी सुनील सुंडा की मौत हो गई। वहीं फायरिंग करने वाले हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ रविकांत की बॉडी भी घटनास्थल से कुछ दूर मिली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह गैंगवार करोड़ों रुपए के जमीनी विवाद से शुरू हुई थी। 25 नवंबर को रविंद्र कटेवा और उसके साथियों ने सीकर के दादिया थाना इलाके में सुरेश कुमार नाम के युवक पर जानलेवा हमला किया था। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए सुरेश ने अपने साथी श्रवण को बताया कि हमला करने वाले रविंद्र कटेवा और उसकी गैंग के कई लोग हैं। जिन्होंने सुरेश को धमकी दी कि उसने श्रवण फगेड़िया की कब्जाशुदा जमीन का सौदा शारदा पत्नी श्री चंद से कर लिया है। शारदा के बेटे जितेंद्र और राजेश ने श्रवण को मारने के लिए सुपारी दे रखी है।

### रविंद्र कटेवा सहित कई बदमाशों पर इनाम

इस घटना के बाद सीकर पुलिस ने रविंद्र कटेवा पर 25 हजार और उसके साथियों पर 10-10 हजार का इनाम भी घोषित किया। हालांकि, बाद में सभी आरोपी गिरफ्तार हुए। रविंद्र कटेवा खुद दिल्ली से पकड़ा गया। वापस लौटते वक्त उसने टॉयलेट के बहाने पुलिसकर्मियों को धक्का देकर भागने की कोशिश की थी।

### पहले भी हुआ था कटेवा को मारने का प्लान

पुलिस के एक इंस्पेक्टर ने बताया कि रविंद्र कटेवा को जब दादिया थाना इलाके में सुरेश पर जानलेवा हमले के मामले में पकड़ा गया था, उसके बाद सीकर कोर्ट में पेशी के दौरान भी उसके मर्डर की प्लानिंग हुई थी। तब दूसरे शूटर यहां आए थे, लेकिन वह मर्डर नहीं कर सके।

### 24 बीघा जमीन और सुपारी का शक

पुलिस सूत्रों के अनुसार, रविंद्र कटेवा और उसकी गैंग के लोग जमीनों पर कब्जा करने का काम करते हैं। श्रवण और उसकी भाभी के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। इसलिए रविंद्र कटेवा ने शारदा के साथ मिलकर जमीन पर कब्जा करने की योजना थी। शारदा ने भी एक मुकदमा अपने देवर श्रवण पर अपने बेटे जितेंद्र के पैर तोड़ने का दर्ज करवाया था।

सुरेश के साथ हुई मारपीट के बाद राजीनामा की बात तो हुई, जिसमें यह तय हुआ कि रविंद्र कटेवा शारदा के हिस्से की जमीन श्रवण के नाम करवा देगा, लेकिन रविंद्र कटेवा ने राजीनामा से मना कर दिया। ऐसे में पुलिस को आशंका है कि श्रवण ने ही कटेवा को मारने के लिए सुपारी दी थी। गैंगवार की घटना होने के बाद श्रवण खुद भी फरार है।

## एम्बुलेंस में ऑक्सीजन की कमी से नवजात की मौत, पिता शव लेकर लौटा अस्पताल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**भरतपुर।** भरतपुर से नवजात को ऑक्सीजन सपोर्ट पर जयपुर ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता का आरोप है कि जयपुर पहुंचने से पहले बस्सी के पास एम्बुलेंस में सिलेंडर की ऑक्सीजन खत्म हो गई थी।

एक दिन के मासूम ने उसकी गोद में तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। घटना शुक्रवार शाम की है। जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र निवासी मुकेश ने बताया कि उसके बेटे का जन्म गुरुवार को बयाना (भरतपुर) के सरकारी हॉस्पिटल में हुआ था। बच्चे को सांस लेने में तकलीफ थी। उसी दिन उसे भरतपुर के जनाना हॉस्पिटल में रेफर कर दिया था। वहां से बच्चे को 12 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे जयपुर रेफर किया गया। पिता ने बताया कि बच्चे को मैं एम्बुलेंस से जयपुर के हॉस्पिटल लेकर जा रहा था। एम्बुलेंस में रखे सिलेंडर से जुड़ी नली से ऑक्सीजन की सप्लाई हो रही थी। रास्ते में सिलेंडर में ऑक्सीजन खत्म हो गई। बच्चा तड़पने लगा। इसके बाद बच्चे की मौत हो गई।



### हॉस्पिटल में छोड़कर फरार हुआ ड्राइवर

नवजात के पिता ने बताया कि एम्बुलेंस ड्राइवर ने बच्चे को देखा तो वह हमें बस्सी के अस्पताल ले गया और वहां से फरार हो गया। इसके बाद वह अपने नवजात के शव को लेकर अस्पताल परिसर में बैठा रहा। बस्सी पुलिस को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस को जब्त कर लिया है। मुकेश ने आरोप लगाया कि बस्सी पुलिस ने उससे कहा कि इस मामले में यहां एफआईआर दर्ज नहीं होगी। इसके बाद पुलिस ने उसे उसके बच्चे के शव के साथ एक बस में बैठा दिया। बस से वह रात करीब 9 बजे भरतपुर के जनाना अस्पताल पहुंचा।

## दिनदहाड़े प्रॉपर्टी कारोबारी का अपहरण, पुलिस ने सुरक्षित छुड़ाया

महानगर टाइम्स संवाददाता

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ कस्बे में दिनदहाड़े बुजुर्ग प्रॉपर्टी व्यवसायी के अपहरण की सनसनीखेज वारदात सामने आई। डाबला रोड स्थित आर.के. विहार कॉलोनी निवासी प्रॉपर्टी कारोबारी कैलाश विजयवर्गीय का अज्ञात बदमाशों ने अपहरण कर लिया। हालांकि, पुलिस की त्वरित कार्रवाई, कड़ी नाकाबंदी और घेराबंदी से घबराए बदमाश महज चार घंटे में ही उन्हें ग्राम नारेहड़ा के सुनसान इलाके में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बुजुर्ग को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। जानकारी के अनुसार, कैलाश विजयवर्गीय मूल रूप से ग्राम सरूंड के निवासी हैं और जमीनों की खरीद-फरोख्त के साथ रुपए के लेनदेन का कार्य करते हैं। वह सुबह करीब 10 बजे बाइक से कृपा का तिबारा के पास मंदिर जाने निकले थे। मंदिर के पास बाइक से उतरते समय एक युवक ने पीछे से पकड़ लिया और वहां खड़ी सफेद रंग की स्विफ्ट कार में धकेल दिया। कार सवारों ने नकाब पहन रखे थे, जिससे वह पहचान नहीं पाए।



### 10 करोड़ रुपए की मांगी फिरौती

कुछ दूरी पर बदमाशों ने उनकी बाइक की चाबी छीनकर एक युवक को सुंदरपुरा के पास उतार दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की में उनका जूता भी वहीं गिर गया। इसके बाद मुंह पर कपड़ा बांधकर उन्हें उबड़-खाबड़ रास्तों से होते हुए एक पुराने खंडहरनुमा मकान में ले जाया गया। वहां मारपीट कर कपड़े उतरवाए गए और 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई। आरोप है कि बदमाशों ने एक महिला के साथ अश्लील वीडियो भी बनाया।

### एक दर्जन से अधिक संदिग्ध हिरासत में

इधर, मंदिर में पूजा कर रही एक महिला ने अपहरण की घटना देख ली और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क और कोटपूतली एसएचओ राजेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस सक्रिय हो गई। इलाके को सील कर नाकाबंदी की गई, सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क ने बताया कि व्यापारी की हालत ठीक है। उनका मेडिकल परीक्षण कर बयान दर्ज किए जा रहे हैं। अपहरण से जुड़े अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### शराब तस्करी पर आबूरोड पुलिस की बड़ी कामयाबी

# चालीस लाख कीमत की अवैध शराब पकड़ी, दो गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबूरोड रीको पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस अधीक्षक पीएल शिवरान के निर्देश पर शनिवार तड़के मावल पुलिस चौकी पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई। शराब को चावल के कट्टों की आड़ में गुजरात ले जाया जा रहा था।

थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया की शनिवार सुबह करीब 5 बजे मावल चौकी पर नाकाबंदी के दौरान ट्रक को रोका गया। संदेह होने पर जब ट्रक की तलाशी ली गई तो चावल से भरे कट्टों के नीचे बड़ी मात्रा में पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई थी। जांच में कुल 730 कार्टन (लगभग 70 लाख रुपए से अधिक कीमत की) अवैध शराब बरामद की गई। बरामद खेप में नामी ब्रांड की अंग्रेजी शराब की बोतलें मिली हैं। मौके से ट्रक चालक अशोक पुत्र पोकरराम बिश्नोई, निवासी विष्णु की ढाणी, थाना कापेरडा जिला जोधपुर तथा सह-आरोपी हरदेव पुत्र पुनाराम बिश्नोई, निवासी गुड़ा विश्नोइयां, थाना विवेक विहार जोधपुर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ आबूरोड रीको थाने में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें मावल चौकी प्रभारी प्रमोद चौधरी, कांस्टेबल प्रकाश, जयंती, दिलीप सिंह, भवानी सिंह सहित पुलिस टीम मौजूद रही।



थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि एसपी के निर्देशानुसार अवैध शराब तस्करी पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। तस्कर चावल के कट्टों की आड़ में शराब गुजरात ले जा रहे थे। ट्रक को जब्त कर लिया गया है, आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# यात्रियों को राहत, नेपाल में फिर चलेंगे 100 रु. से बड़े भारतीय नोट

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नेपाल सरकार जल्द ही 100 रुपए से अधिक मूल्य के भारतीय नोटों के इस्तेमाल की अनुमति देने जा रही है। करीब दस साल बाद यह बड़ा बदलाव होने जा रहा है। नेपाली अखबार द काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, नेपाल राष्ट्र बैंक इस फैसले को लागू करने की अंतिम प्रक्रिया में है। नेपाल राष्ट्र बैंक के प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने कहा है कि नियम को नेपाल गजट में प्रकाशित करने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके बाद बैंकों और वित्तीय संस्थानों को नए नियमों को लेकर निर्देश जारी किए जाएंगे। हालांकि, इसे लागू करने की आधिकारिक तारीख अभी तय नहीं हुई है।

**यात्रियों को क्या फायदा होगा:** इस फैसले से भारत और नेपाल के बीच यात्रा करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। खास तौर पर भारत में काम करने वाले नेपाली मजदूरों, छात्रों, तीर्थयात्रियों, इलाज के लिए आने-जाने वालों और पर्यटकों को अब नकदी से जुड़ी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**नेपाल लंबे समय से क्यों मांग कर रहा था यह छूट:** नेपाल में 100 रुपए से बड़े भारतीय नोटों पर पाबंदी के कारण पर्यटन उद्योग को नुकसान हो रहा था। खासकर भारतीय पर्यटकों पर निर्भर होटल, कसीनो और अन्य व्यवसाय प्रभावित हो रहे थे। कई बार पर्यटक नियमों की जानकारी न होने के कारण पकड़े गए और उन्हें जुर्माना या कानूनी परेशानी झेलनी पड़ी।

**नेपाल में विदेशी मुद्रा लाने के मौजूदा नियम:** नेपाल आने वाले पर्यटक, जिनमें भारतीय भी शामिल हैं, बिना घोषणा के 5,000 अमेरिकी डॉलर या उसके बराबर अन्य विदेशी मुद्रा ला सकते हैं। इससे ज्यादा राशि लाने पर कस्टम्स में घोषणा जरूरी है। वहीं, देश से बाहर ले जाते समय भी अधिकतम 5,000 डॉलर ही ले जाने की अनुमति है। भारत, नेपाल के लिए पर्यटकों का सबसे बड़ा स्रोत है।

**2015 और नोटबंदी के बाद क्या हुआ था:** 2015 में आरबीआई ने सुरक्षा कारणों से पहले 500 रुपए और 1,000 रुपए के नोटों पर रोक लगा दी थी, हालांकि बाद में 25,000 रुपए तक ले जाने की अनुमति दी गई। लेकिन 2016 की नोटबंदी के बाद नियम और सख्त हो गए। इसके अलावा, नेपाल को लंबे समय से भारत में नकली नोटों की तस्करी का संभावित रास्ता माना जाता रहा है।

**क्या क्यूआर कोड से कैश की जरूरत खत्म हो गई :** मार्च 2024 से भारतीय पर्यटक नेपाल में क्यूआर कोड के जरिए डिजिटल भुगतान कर पा रहे हैं। शहरों में यह व्यवस्था ठीक से काम कर रही है, लेकिन दूर-दराज और पहाड़ी इलाकों में नेटवर्क और तकनीकी समस्याओं के कारण कैश अब भी जरूरी है। ऐसे में 100 रुपए से बड़े भारतीय नोटों को अनुमति मिलना यात्रियों के लिए राहत की खबर है। कुल मिलाकर, यह फैसला भारत-नेपाल के बीच यात्रा, व्यापार और पर्यटन को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### आरबीआई के नियमों में क्या बदलाव हुआ

**28 नवंबर को** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा नियमों में संशोधन किया था, जिसे 2 दिसंबर 2025 को भारत सरकार की गजट में प्रकाशित किया गया। इसके तहत अब लोग 100 रुपए तक के भारतीय नोट किसी भी मात्रा में नेपाल ले जा सकते हैं। इसके अलावा 100 रुपए से अधिक मूल्य के नोट कुल 25,000 रुपए तक भारत से नेपाल और नेपाल से भारत ले जाने की अनुमति होगी।

## सोने-चांदी ने लगाई लंबी छलांग, दिल्ली में 18 कैरेट सोना 1,00,000 रुपए पार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के भाव में तेजी जारी है। सोना-चांदी लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। रुपया अपने निचले स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल बैंक के द्वारा ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती तो की गई, लेकिन बाद में अपनाए गए सख्त रवैए के कारण बाजार में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। जिसके कारण निवेशक क्रिप्टो और अन्य विकल्पों की बजाय सोना-चांदी खरीद रहे हैं। जिसके कारण कीमतें ऊंचाई पर पहुंच गई।

**सोने-चांदी का भाव :** भारत में शनिवार को 24 कैरेट सोने का भाव 1,33,210 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया, जो शुक्रवार को 1,32,660 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा एक किलो चांदी का भाव 2,04,100 रुपए हो गया।

इसके अलावा भारत में 22 कैरेट गोल्ड रेट 1,22,110 रुपए प्रति 10 किलोग्राम और 18 कैरेट सोने की कीमत 99,910 रुपये प्रति 10 किलोग्राम हो गई।


### 2026 में महंगाई से राहत के संकेत

# जीएसटी सुधारों से रिटेल इंफ्लेशन घटने की बढ़ी उम्मीद : एसबीआई

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नवंबर महीने में महंगाई के मोर्चे पर आम लोगों को भले ही झटका लगा हो, लेकिन आने वाला साल राहत लेकर आ सकता है। एसबीआई रिसर्च की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में देश की रिटेल महंगाई (सीपीआई) में करीब 35 बेसिस प्वाइंट तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। इस गिरावट में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े सुधारों की अहम भूमिका रहने वाली है।

**महंगाई के रुझान में बदलाव:** रिपोर्ट के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में सीपीआई महंगाई की चाल में हाल के महीनों में बदलाव आया है। अक्टूबर 2025 में 0.25 फीसदी रही महंगाई नवंबर में बढ़कर 0.71 फीसदी हो गई। हालांकि, मार्च 2026 तक इसके 2.7 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। रुपए में गिरावट को देखते हुए आगे महंगाई पर दबाव बढ़ सकता है। एसबीआई रिसर्च ने एफवाई 26 के लिए महंगाई 1.8 फीसदी और एफवाई 27 के लिए 3.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। आरबीआई की ब्याज दरों पर क्या असर रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि महंगाई के इन अनुमानों के बावजूद फरवरी की मौद्रिक नीति बैठक में आरबीआई के ब्याज दरों के रुख में बदलाव की संभावना कम है।



### जीएसटी सुधारों से महंगाई पर असर

**एसबीआई रिसर्च ने** अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जीएसटी दरों के युक्तिकरण और प्रक्रिया सुधारों से महंगाई पर सकारात्मक असर पड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह आकलन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली अतिरिक्त छूट को शामिल किए बिना किया गया है। जीएसटी दरों में कमी के चलते ऑनलाइन बिक्री पर छूट और बढ़ सकती है, जिससे महंगाई पर दबाव और कम हो सकता है। रिपोर्ट का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में सीपीआई महंगाई कुल मिलाकर करीब 35 बीपीएस तक घट सकती है।

### केरल में महंगाई सबसे ज्यादा

**रिपोर्ट के अनुसार,** नवंबर महीने में केरल की महंगाई दर 8.27 फीसदी दर्ज की गई। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई 9.34 फीसदी और शहरी इलाकों में 6.33 फीसदी रही। एसबीआई रिसर्च का कहना है कि राज्य में सोना, चांदी और तेल व वसा की कीमतों में तेज बढ़ोतरी इसकी बड़ी वजह हो सकती है, क्योंकि इन वस्तुओं की खपत केरल में अपेक्षाकृत अधिक है।

### स्टैंडर्ड चार्टर्ड का आकलन

**स्टैंडर्ड चार्टर्ड** ग्लोबल रिसर्च ने भी जीएसटी दरों में कटौती को समय पर उठाया गया कदम बताया है। बैंक के मुताबिक, इससे जीडीपी में 0.1 से 0.16 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी और सालाना महंगाई में 40-60 बीपीएस की कमी आ सकती है। साथ ही, प्रक्रिया सुधारों से कारोबार करना आसान होगा और मध्यम अवधि में आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।

### निशुल्क सेल्फ मेकअप क्लास का आयोजन

## महिलाओं को दिए सेल्फ मेकअप के टिप्स



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मी माई सेल्फ स्कूल मॉडल टाउन के अंदर मॉडल टाउन मातृशक्ति के सहयोग से सेल्फ मेकअप क्लास का आयोजन किया गया। संयोजक लता' आसनानी ने बताया महिलाओं को अग्रसर करने के लिए यह कैंप का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हर्षिता बदलानी रही। मेकअप आर्टिस्ट अनीता तिवारी ने महिलाओं को सेल्फ मेकअप के लिए बहुत सारे टिप्स बताए और उनको प्रेक्टिकल करके दिखाए। वंशिका नानक वानी ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर रीत सधनानी, मधु वरलानी, पूनम भावनानी, रेखा गोयल, स्वाति सेठ गुप्ता, दिव्या लालवानी, स्कूल संचालक जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। घनश्याम मुलानी ने आभार व्यक्त किया।

# इंडिया यामाहा मोटर के टेक्नीशियन ने पाया वर्ल्ड टेक्नीशियन ग्रैंड प्रिक्स में दूसरा स्थान

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में नवंबर में जापान में आयोजित वर्ल्ड टेक्नीशियन ग्रैंड प्रिक्स 2025 में भाग लिया। जयपुर में राज मोटर्स (यामाहा के अधिकृत डीलर) के सीनियर टेक्नीशियन चेतन जांगीर ने वैश्विक प्रतियोगिता में आईवाईएम का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में चेतन जांगीर ने अपने उत्कृष्ट तकनीकी और ग्राहकों को संभालने के कौशल का प्रदर्शन किया और आखिरकार इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड के लिए दूसरा स्थान हासिल किया। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, यामाहा ने शनिवार को इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड के शीर्ष प्रबंधन, डीलरों और उसके परिवार की उपस्थिति में उनके लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। वर्ल्ड टेक्नीशियन ग्रैंड प्रिक्स एक इंटरनेशनल इवेंट है जिसे यामाहा मोटर कंपनी, जापान ऑर्गनाइज करती है। इसमें दुनिया भर में यामाहा की सब्सिडियरी कंपनियों और डीलरशिप के एलीट लेवल के टेक्नीशियन इस खास टाइटल के लिए मुकाबला करते हैं।

सिर्फ वही लोग जिन्होंने नेशनल और रीजनल कॉम्पिटिशन में टॉप अवॉर्ड जीते हैं, उन्हें दुनिया के नंबर 1 टेक्नीशियन के टाइटल के लिए मुकाबला करने का जिंदगी भर का मौका मिलता है। वर्ल्ड टेक्नीशियन ग्रैंड प्रिक्स 2025 - अपने 9वें एडिशन में -यामाहा ने 19 देशों और रीजन के 22 एलीट टेक्नीशियन को एक साथ लाया- जिन्हें 35,700 से ज्यादा सर्टिफाइड यामाहा मोटर टेक्नीशियन में से चुना गया था ताकि वे जापान में सबसे बड़े इनाम के लिए मुकाबला कर सकें। यह कॉम्पिटिशन न सिर्फ टेक्निकल एक्सपर्टीज, बल्कि कस्टमर सर्विस और इंसानी जुड़ाव को भी टेस्ट करता है जो सच में यामाहा की 'वन टू वन सर्विस' फिलॉसफी को दिखाता है। इस साल की शुरुआत में, मिस्टर चेतन जांगीर ने टेक्नीशियन कैटेगरी में नेशनल 3एस ग्रैंड प्रिक्स कॉम्पिटिशन जीता, जिससे उन्हें वर्ल्ड टेक्नीशियन ग्रैंड प्रिक्स 2025 में कंपनी को रिप्रेजेंट करने का मौका मिला। उनकी इस कामयाबी से इंडिया यामाहा मोटर ने 2014 के बाद से वर्ल्ड टेक्नीशियन ग्रैंड प्रिक्स में लगातार चौथी बार पोडियम पर जगह बनाई है। कॉम्पिटिशन में दूसरा स्थान हासिल किया। चेतन का विदेशी धरती पर मुकाबला करना और ट्रॉफी घर लाना गर्व का पल है। इस अवसर पर, यामाहा मोटर इंडिया सेल्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रविंदर सिंह ने कहा कि वर्ल्ड टेक्नीशियन ग्रैंड प्रिक्स यामाहा का सबसे बड़ा मंच है जहां तकनीकी कौशल और ग्राहक-केंद्रियता का प्रदर्शन किया जाता है। चेतन जैसे प्रतिभाशाली लोगों के लिए, यामाहा की जन्मभूमि जापान जाना, प्रतिस्पर्धा करना और जीत हासिल करना एक उपलब्धि से कहीं अधिक है। यह उपलब्धि यामाहा की टैलेंट को निखारने और ग्राहकों को विश्व स्तरीय सेवा प्रदान करने का समर्पण दर्शाती है।

## महारत्न पीएसयु निवेशकों को देने जा रही 50 फीसदी का डिविडेंड

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश की बड़ी सरकारी कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने अपने शेयरधारकों को खुशखबरी दी है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय के तहत आने वाली इस महारत्न पीएसयू ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पहला अंतरिम डिविडेंड घोषित कर दिया। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 12 दिसंबर को हुई मीटिंग में इस फैसले पर मुहर लगाई। यह डिविडेंड कंपनी की हालिया बोनस इश्यू के बाद दूसरा बड़ा फैसला है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में बताया कि बोर्ड ने 50 फीसदी का अंतरिम डिविडेंड मंजूर किया है, जो हर 10 रुपए फेस वैल्यू वाले शेयर पर 5 रुपए के बराबर है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब कंपनी का प्रदर्शन काफी मजबूत दिख रहा है।

इंडियन ऑयल ने डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट भी तय कर दी है। कंपनी ने बताया कि 18 दिसंबर 2025 को रिकॉर्ड डेट होगी।

### गौतम अदाणी के भतीजे पर इनसाइडर ट्रेडिंग के लगे थे आरोप

# अदाणी-ग्रीन-एनर्जी केस में प्रणव अदाणी को क्लीन चिट

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सेबी ने अदाणी ग्रीन एनर्जी की 2021 में एसबी एनर्जी अधिग्रहण डील से जुड़े इनसाइडर ट्रेडिंग केस में प्रणव अदाणी और उनके दो रिश्तेदारों को क्लीन चिट दे दी है। 50 पेज के ऑर्डर में सेबी ने कहा कि उनके खिलाफ अनपब्लिश्ड प्राइस सेंसिटिव इनफार्मेशन शेयर करने का कोई ठोस सबूत नहीं मिला। ट्रेड्स पब्लिक इन्फॉर्मेशन के बाद हुए और नॉर्मल पैटर्न से मैच करते हैं। अलग ऑर्डर में भी सेबी ने विनोद बहेटी समेत अन्य को भी आरोपों से क्लियर किया है।



**क्या था पूरा मामला:** यह केस अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की एसबी एनर्जी होल्डिंग्स को 3.5 बिलियन डॉलर यानी 31,693 करोड़ रुपए में खरीदने की डील से जुड़ा था। डील की ऑफिशियल अनाउंसमेंट 19 मई 2021 को हुई थी। सेबी ने जनवरी 2021 से अगस्त 2021 तक के ट्रेड्स की जांच की। नवंबर 2023 में गौतम अदाणी के भतीजे प्रणव अदाणी, कुणाल शाह और नृपाल शाह को शो-कॉज नोटिस जारी हुआ था। कुणाल शाह की प्रणव की कजिन नृपाल से शादी हुई है। उन पर आरोप था कि प्रणव ने गुप्त जानकारी शेयर की और रिश्तेदारों ने उस आधार पर 17-18 मई को शेयर खरीदे।

**सेबी ने क्लीन चिट क्यों दी:** सेबी के ऑर्डर में मुख्य पॉइंट यह था कि 16 मई 2021 को कुणाल का प्रणव से फोन कॉल यूपीएवआई शेयर करने के लिए नहीं था। उस दिन दोपहर में ही मीडिया में एसबी एनर्जी डील की रिपोर्ट्स आ चुकी थीं, इसलिए जानकारी पब्लिक हो गई थी। ट्रेड्स उसके बाद हुए और इनका पैटर्न नॉर्मल ट्रेडिंग से मैच करता है। शेयर प्राइस का उछाल भी मीडिया रिपोर्ट्स के बाद शुरू हुआ। सेबी ने कहा कि आरोप साबित नहीं होते, इसलिए कोई डायरेक्शन या पेनाल्टी नहीं लगाई जाएगी। मामला बंद कर दिया गया है।

**अलग ऑर्डर में अन्य लोगों को भी क्लीन चिट:** एक अलग 63 पेज के ऑर्डर में सेबी ने विनोद बहेटी, तरुण जैन, राजतरु एंटरप्राइजेस और एमसी जैन इन्फोसर्विसेस को इनसाइडर ट्रेडिंग के आरोपों से मुक्त कर दिया। ये भी उसी एसबी एनर्जी डील से जुड़े ट्रेड्स पर थे। सेबी ने कोई सबूत नहीं मिलने पर केस बंद किया है।

## वैश्विक दबाव के बीच सेल की बिक्री में 14 फीसदी उछाल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राज्य के स्वामित्व वाली स्टील कंपनी सेल ने शनिवार को बताया कि उसने चालू वित्त वर्ष के अप्रेल-नवंबर 2025 के दौरान 12.7 मिलियन टन (एमटी) की बिक्री दर्ज की। यह सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी ने यह प्रदर्शन ऐसे समय में किया है जब वैश्विक स्तर पर कीमतों पर दबाव और मांग में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अनुसार, पिछले वर्ष की समान अवधि में कंपनी की बिक्री 11.1 एमटी रही थी।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह मजबूत प्रदर्शन सुदृढ़ बिक्री रणनीति के कारण संभव हो पाया, जबकि इस दौरान उसे वैश्विक व्यापार नीतियों में अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सेल ने कहा कि इन कारकों के बावजूद उसने बाजार में अपनी स्थिति बनाए रखते हुए बिक्री में उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है।

### इंडिगो ने 2000 उड़ानों का संचालन किया

**एयरलाइन इंडिगो** ने बताया कि लगातार दूसरे दिन 2,000 से अधिक उड़ानों का संचालन किया गया। एयरलाइन के अनुसार, शनिवार को संशोधित शेड्यूल के तहत 2,050 से ज्यादा फ्लाइट्स संचालित की जा रही हैं, जो सरकार के निर्देशों के अनुरूप तय की गई हैं। इंडिगो ने बताया कि बीते पांच दिनों से परिचालन में स्थिरता और निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है। फिलहाल एयरलाइन के 138 ऑपरेशनल गंतव्य पूरी तरह जुड़े हुए हैं और समयबद्धता (ऑन-टाइम परफॉर्मेंस) इंडिगो के मानकों के अनुरूप सामान्य बनी हुई है। एयरलाइन ने यह भी कहा कि शुक्रवार को भी उसने 2,050 से अधिक उड़ानों का संचालन किया, जिसमें केवल दो फ्लाइट्स तकनीकी कारणों से रद्द करनी पड़ीं। प्रभावित यात्रियों को तुरंत वैकल्पिक उड़ानों में समायोजित कर दिया गया।

# ट्रंप की एच-1बी वीजा फीस बढ़ोत्तरी का विरोध, 19 राज्यों ने दायर किया मुकदमा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** कैलिफोर्निया और मैसाचुसेट्स के नेतृत्व में 19 अमेरिकी राज्य ट्रंप प्रशासन द्वारा हाल ही में नई एच-1 बी वीजा एप्लिकेशन पर 1 लाख डॉलर की फीस बढ़ोतरी को रोकने के लिए मुकदमा दायर करने जा रहे हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार यह मुकदमा आज मैसाचुसेट्स के फेडरल कोर्ट में दाखिल किया जा सकता है। एच-1 बी वीजा प्रोग्राम अमेरिकी नियोक्ताओं को उच्च-कौशल वाले विदेशी कर्मचारियों को नौकरी देने की अनुमति देता है, खासकर टेक्नोलॉजी, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में। हाल ही में घोषित 1 लाख डॉलर की फीस को न केवल अत्यधिक माना जा रहा है बल्कि इसे अवैध भी बताया गया है।




कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा ने कहा कि प्रशासन के पास इतनी बड़ी अतिरिक्त फ़ीस लगाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि 'कांग्रेस ने कभी भी राष्ट्रपति को इस तरह का छह अंकों का शुल्क लगाने का अधिकार नहीं दिया, जो पूरे प्रोग्राम को खत्म करने जैसा है।'

उन्होंने यह भी कहा कि इस फीस से उन नियोक्ताओं पर भारी वित्तीय दबाव पड़ेगा जो महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाएँ प्रदान करते हैं। मैसाचुसेट्स की अटॉर्नी जनरल एंड्रिया जॉय कैंपबेल ने कहा कि यह फीस मनमानी है और कांग्रेस द्वारा तय सीमाओं से अधिक है। न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने चेतावनी दी कि यह बढ़ोतरी 'स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच कठिन कर देगी, बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी और हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचेगा।' कैलिफोर्निया, मैसाचुसेट्स और न्यूयॉर्क के अलावा इस मुकदमे में शामिल अन्य राज्य हैं- एरिजोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, इलिनॉइस, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलिना, न्यू जर्सी, ओरेगन, रोड आइलैंड, वर्मोंट, वॉशिंगटन और विस्कॉन्सिन।

### फीस बढ़ोत्तरी और कंपनियों पर असर

**वर्तमान में एच-1** बी वीजा की फीस 2,000 डॉलर से 5,000 डॉलर के बीच है। इस फीस को 1 लाख डॉलर तक बढ़ाने से टेक्नोलॉजी कंपनियों को चिंता है। इस प्रोग्राम पर निर्भर कंपनियों में एमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल, मेटा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

### पहले के कानूनी विवाद

यह मुकदमा ट्रंप प्रशासन के एच-1 बी वीजा फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अब तक का तीसरा बड़ा कानूनी कदम है। अक्टूबर में अमेरिकी चेंबर ऑफ कॉमर्स, यूनियनों और एक वैश्विक नर्सिंग एजेंसी ने भी इसके खिलाफ मुकदमा दायर किया था, जो अभी भी चल रहा है।

## स्टेट बैंक ने ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई, नई दरें 15 दिसंबर से होंगी लागू

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने रजिर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की नीतिगत दर रेपो रेट में कटौती के बाद अपनी लेंडिंग रेट 0.25 फीसदी घटा दिया है, जिससे मौजूदा और नए कर्जदारों के लिए लोन सस्ता हो गया है। नई दरें 15 दिसंबर, 2025 से लागू होंगी। बैंक ने जारी एक बयान में बताया कि एसबीआई ने ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के साथ ही स्टेट बैंक की बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) 0.25 फीसदी घटकर 7.90 फीसदी हो जाएगी। बैंक ने यह कदम रिजर्व बैंक के इस महीने नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती के बाद उठाया है। इसके अलावा बैंक ने सभी कार्यकाल के लिए मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) में भी 0.05 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद एसबीआई की एक साल की मैच्योरिटी वाला एमसीएलआर मौजूदा 8.75 फीसदी से घटकर 8.70 फीसदी हो जाएगा।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।




# 75वें जन्मदिन के बाद परिवार संग तिरुपति पहुंचे रजनीकांत

**मंदिर में फैंस की लगी भीड़**

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत ने शुक्रवार को अपना 75वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनके फैंस और चाहने वालों में जश्न का माहौल था। बर्थडे के तुरंत बाद अभिनेता अपने पूरे परिवार के साथ शनिवार सुबह आंध्रप्रदेश स्थित तिरुमला तिरुपति मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। रजनीकांत के मंदिर जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मंदिर परिसर के अंदर प्रवेश करते रजनीकांत को देख उनके फैंस की भीड़ लग गई। उनके साथ पत्नी लता रजनीकांत, बेटियां सौंदर्या और ऐश्वर्या भी मौजूद रहीं। खास बात यह रही कि इस दौरान उनके पोते सफर राजा भी साथ दिखाई दिए।

## रजनीकांत ने फैंस का क्या अभिवादन

दर्शन के बाद रजनीकांत ने मंदिर परिसर के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन किया। मंदिर से बाहर आते समय उन्होंने परिवार के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं, जो देखते ही देखते वायरल हो गईं। रजनीकांत की तस्वीरें और वीडियोज इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

## फिर से रिलीज हुई फिल्म 'पदयप्पा'

उनके जन्मदिन के मौके पर उनकी 1999 की सुपरहिट फिल्म 'पदयप्पा' एक बार फिर सिनेमाघरों में उतारी गई। 4के तकनीक से रीमास्टर की गई इस फिल्म को दर्शकों ने चाव से फिर से देखा। सिनेमाघरों में तालियों और सीटियों की गूंज ने यह साबित कर दिया कि रजनीकांत की फिल्मों का जादू आज भी उतना ही असरदार है।

## रजनीकांत का वर्कफ्रंट

काम के मोर्चे पर भी रजनीकांत पूरी तरह सक्रिय हैं। वह जल्द ही 'जेलर 2' में नजर आने वाले हैं, जिसकी शूटिंग अंतिम चरण में बताई जा रही है। माना जा रहा है कि फिल्म इस साल के अंत तक पूरी हो जाएगी और 2026 की गर्मियों में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। पहले भाग की जबरदस्त सफलता के बाद, दर्शकों की उम्मीदें सीक्वल से और भी ज्यादा बढ़ गई हैं।



जाह्नवी



यामी



तृप्ति

**वर्ष 2025 में जाह्नवी, यामी, तृप्ति समेत कई अभिनेत्रियों ने बिखेरा जलवा**

# सिर्फ अभिनय नहीं किया, पर्दे पर पूरी तरह अपना साम्राज्य जमाया

**वर्ष 2025 में बिग स्क्रीन पर जाह्नवी कपूर, यामी गौतम, तृप्ति डिमरी, कृति सैनन, रश्मिका मंदना और अनीत पड्डा समेत कई अभिनेत्रियों ने जलवा बिखेरा। वर्ष 2025 उन अदाकाराओं का साल रहा, जिन्होंने सिर्फ अभिनय नहीं किया, बल्कि पर्दे पर पूरी तरह अपना साम्राज्य जमाया।**

## जाह्नवी कपूर

जाह्नवी कपूर के लिए 2025 एक निर्णायक साल रहा, एक ऐसा मोड़, जहां उन्होंने बड़े पर्दे पर पूरी कमान अपने हाथ में ली थी। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में जिस तरह उन्होंने अपनी धमाकेदार कमर्शियल एनर्जी और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के साथ स्क्रीन पर चमक उठी, उसने उनके बढ़ते बॉक्स-ऑफिस आकर्षण को और मजबूत किया। इसके बाद परम सुंदरी में उनकी स्टाइलिश, कॉन्फिडेंट रोम-कॉम स्टार पर्सोना को और निखारा, यह एक ऐसी चमक थी, जिसने उन्हें कमर्शियल स्टार बना दिया। इसके अलावा होमबाउंड में उनका रॉ, सच्चाई और दर्द से भरे अभिनय ने सबका दिल छू लिया। इस तरह इस साल रिलीज हुई अपनी इन तीनों फिल्म से उन्होंने सिर्फ अपना रेंज नहीं दिखाया, बल्कि अपनी 'असरदार मौजूदगी' का जोरदार ऐलान किया। उन्होंने बता दिया कि अब वे सिर्फ उभरती नायिका नहीं, बल्कि अपनी पीढ़ी की सबसे प्रभावी थिएट्रिकल कलाकारों में मजबूती से खड़ी नायिका हैं।

## यामी गौतम

यामी गौतम हमेशा से असरदार नायिका की छवि अपने दर्शकों को परोसती आई हैं और फिल्म हक उनकी इस ताकत को और बढ़ाकर सामने लाती है। इस फिल्म में उनका अभिनय दृढ़ता, ईमानदारी और भावनात्मक स्पष्टता पर टिका है। यामी कहानी की धड़कन और उसकी आत्मा, दोनों हैं। हालांकि सच पर टिके किरदारों में वे हमेशा से चमकदार रही हैं, लेकिन हक ने इसे और आगे बढ़ाया है। सिर्फ यही नहीं, अपनी फिल्मों के चुनाव से इस बार भी उन्होंने साबित किया कि वे वे शोर नहीं, मायने चुनती हैं। यही वजह है कि हक़ उन्हें हिंदी सिनेमा की सबसे भरोसेमंद और प्रभावशाली नाटकीय अभिनेत्रियों में स्थायी जगह देती है।

## तृप्ति डिमरी

इंडस्ट्री की सबसे प्रभावशाली प्रतिभाओं में गिनी जानेवाली तृप्ति डिमरी ने 'धड़क 2' से अपने अभिनय का रेंज दिखाया है, उसने उन्हें मुख्यधारा वाले स्पेस में स्थापित कर दिया है। प्यार, दिल टूटने, संघर्ष और जज्बे से भरी कहानी को वे ऐसी ईमानदारी से निभाती हैं कि दर्शक उनकी हर छोटी-बड़ी बारीकी को महसूस करते हैं। धड़क 2 उनके कॅरियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह है और साबित करता है कि वे बड़े स्तर की कहानियां भी आसानी से संभाल सकती हैं, वो भी बिना अपनी भावनात्मक संवेदनशीलता खोए, पूरी सच्चाई के साथ।

## कृति सेनन



अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क' में कृति सेनन ने 'मुक्ति' का काफी चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है, जिसे कृति ने खुद अपने द्वारा अब तक के निभाए गए किरदारों में सबसे जटिल और भावनात्मक रूप से मुश्किल किरदार कहा है। कृति के शब्दों में इस भूमिका ने उन्हें काफी चुनौती दी और इसमें बहुत सारी अनकही भावनाओं को दर्शाना था, जो कठिन लेकिन दिलचस्प था। यही वजह है कि कई दर्शकों ने उनके काम की काफी तारीफ की है। कुछ ने तो सोशल मीडिया पर इसे उनके कॅरियर की बेस्ट परफॉर्मेंस तक कहा है।

## अनीत पड्डा




अनीत पड्डा भले ही नई हों, लेकिन सैयारा ने उन्हें वर्ष 2025 की सबसे आशाजनक थिएट्रिकल खोजों में मजबूती से स्थापित कर दिया है। उनका अभिनय सहज और सच्चा है, न कोई बनावट है, न कोई दिखावा, बस गहराई, कोमलता और भीतर की ताकत से भरा हुआ। सैयारा में उन्होंने भावनाओं की कई परतों को जिस खूबसूरती से एक्सप्लोर किया और अपने किरदार को स्वाभाविकता से निभाया, वो बेहद खास है। अपनी पहली फिल्म से उन्होंने ये बात सबको बता दी है कि वे आगे बढ़ेंगी, सबको चौंकाएंगी और धीरे-धीरे खुद को एक मजबूत थिएट्रिकल परफॉर्मर के रूप में गढ़ेंगी।



## रश्मिका मंदाना

रश्मिका मंदाना वर्ष 2025 में दो दमदार थिएट्रिकल फिल्मों के साथ आई थीं, जिनमें एक भव्य ऐतिहासिक ड्रामा छावा और दूसरी जॉनर-ब्लेंडिंग एंटरटेनर थम्मा। छावा में जहां वे एक विशाल पीरियड सेटिंग में गरिमा, संवेदना और आंतरिक दृढ़ता लाई, वहीं थम्मा की एक पूरी तरह से अलग दुनिया में उन्होंने रोमांस, हास्य, हॉरर और ड्रामा परोसकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। इन दोनों फिल्मों में उन्होंने दिखाया कि वे हर तरह किरदार को बेहद सहजता से निभा सकती हैं।




# 'स्ट्रीट फाइटर' से विद्युत जामवाल का खतरनाक लुक हुआ वायरल

### यूजर्स बोले- अब हॉलीवुड कांपेगा...

**एक्शन** सुपस्टार विद्युत जामवाल, हॉलीवुड की फेमस वीडियो गेम फ्रेंचाइजी बेस्ड फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' से इंटरनेशनल लेवल पर डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को फिल्म के निर्माताओं ने विद्युत के किरदार का पहला पोस्टर साझा किया, जिसने इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। अपने चिरि-परिचित लंबे बालों को अलविदा कहकर, विद्युत एक नए, बोल्ड और गंजे अवतार में नजर आए है, जिससे फैंस इनके इस लुक के दिवाने हो गए हैं।

विद्युत जामवाल ने अपने लंबे बालों को हटाकर पूरी तरह से मुंडाया हुआ सिर अपनाया है, जो उनके 'स्ट्रीट फाइटर' के रोल को एक रहस्यमयी और दमदार लुक दे रहा है। फैंस इस नए लुक पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं और कमेंट सेक्शन में अपना उत्साह दिखा रहे हैं।

एक यूजर ने इंस्टाग्राम पर कमेंट कर लिखा, 'अब हॉलीवुड कांपेगा', तो दूसरें ने कमेंट कर कहा- 'तेनाली रामा आहा।' इतना ही नहीं, इस फिल्म में विद्युत जामवाल फेमस योगी किरदार धालसिम के रोल में हैं। बता दें कि धालसिम अपनी आध्यात्मिक शक्तियों और अनोखी लड़ने की काबिलियत के लिए जाने जाते हैं। विद्युत, जो अपनी मार्शल आर्ट स्किल्स के लिए फेमस हैं, इस किरदार को निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## अमेरिकन मार्शल आर्ट

ये फिल्म किताओ सकुराई के जरिए निर्देशित और डालन मुसन द्वारा लिखित है। साथ ही, अमेरिकन मार्शल आर्ट फिल्म 1993 की पृष्ठभूमि पर बेस्ड है। साथ ही, कहानी में रयू (एंड्रयू कोजी) और केन मास्टर्स (नोआ सेंटीनो) को दिखाया गया है, जिन्हें चुन-ली (कैलिना लियांग) एक बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए वर्ल्ड वॉरियर टूर्नामेंट में वापस लाया जाता हैं और फिल्म के कलाकारों में डेविड दस्तमलचियन (एम. बाइसन के रूप में) और खुद विद्युत जामवाल हैं। विद्युत की लगन, अनुशासन और मार्शल आर्ट्स में महारत उन्हें पहले ही एक एक्शन स्टार बना चुकी है। फैंस अब ये देखने के लिए एक्साइटेड हैं कि वे अपने किरदार 'धालसिम' की जटिल पर्सनैलिटी को हॉलीवुड के स्टेज पर कितनी सफलतापूर्वक निभाते हैं, इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# 'नाव पर लगाया एक-दूसरे को गले'

### पहली बार रिश्ते पर खुलकर बोले वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया

अभिनेत्री तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया पिछले काफी समय से एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर साथ बिताए पलों की झलक और तारा के फैशन इवेंट्स में वीर की मौजूदगी ने पहले ही कयासों को हवा दे दी थी, लेकिन दीपावली पर दोनों के फोटोशूट ने काफी हद तक रिश्ते पर मुहर लगा दी। अब तारा और वीर ने पहली बार किसी इंटरव्यू में खुलकर एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप पर खुलकर बात की है।

दोनों ने हाल ही में 'ट्रेवल-लेजर इंडिया' को दिए एक इंटरव्यू में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उनका रिश्ता पहले दिन से ही ईमानदारी से शुरू हुआ है। वीर के मुताबिक, पहली ही डेट से दोनों ने अपने जज्बातों को छुपाने की कोशिश नहीं की और जहां भी रहे, जैसे थे वैसे ही रहे।

## वीर ने साझा किया पहली डेट का पल

पहली डेट का जिक्र करते हुए वीर ने एक बेहद खास पल साझा किया। उन्होंने बताया कि वो शाम उनके लिए यादगार बन गई, जब उन्होंने पियानो बजाया और तारा ने गाना गाया। साथ बिताया गया वह समय उनके लिए रिश्ते की पहली मजबूत नींव साबित हुआ। वहीं तारा का मानना है कि किसी एक पल ने नहीं, बल्कि वक्त के साथ एक-दूसरे का साथ निभाने ने उनके रिश्ते को खास बनाया। उनके शब्दों में, मुश्किल और अच्छे दोनों दौर में साथ खड़े रहना ही उनके कनेक्शन की असली पहचान है।

## दोनों ने पहली ट्रिप का भी किया जिक्र

जहां पहली डेट ने दिलों को करीब लाया, वहीं पहली ट्रिप ने रिश्ते को और गहरा किया। तारा ने खुलासा किया कि उनकी पहली वेकेशन इटली के खूबसूरत आइल ऑफ कप्री में हुई। इस जगह से जुड़ी एक पारिवारिक मान्यता का जिक्र करते हुए तारा ने बताया कि उनकी मां हमेशा कहती थीं कि कप्री वह जगह है, जहां इंसान अपने सबसे खास दोस्त और प्रिय के साथ जाता है। कहा जाता है कि अगर वहां नाव पर किसी को गले लगाया जाए, तो रिश्ता हमेशा खास बना रहता है। तारा और वीर ने भी वही किया, जिसे वह अपने रिश्ते के लिए शुभ मानती हैं।

## दोनों का वर्कफ्रंट

काम की बात करें, तो वीर इस साल की शुरुआत में फिल्म 'स्काईफोर्स' में नजर आए थे। वहीं तारा पिछले काफी समय से पर्दे से दूर हैं। उनकी आखिरी फिल्म साल 2023 में आई अपूर्वा थी, जो कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी।

## राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर विशेष : प्रदेश की सौर ऊर्जा में 27 और अक्षय ऊर्जा में 16 फीसदी की भागीदारी

# 'सौर ऊर्जा की रोशनी से दमक रहा है हमारा राजस्थान'

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विगत समय में भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नई वैश्विक ताकत बन कर उभरा है। ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिला है। देश के ऊर्जा परिदृश्य में आ रहे बदलाव (एनर्जी ट्रांजिशन) में राजस्थान महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीते दो वर्ष में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत निर्णय किए गए हैं। निवेश की राह में आने वाली बाधाओं को दूर किया गया है। सौर परियोजनाओं को गति दी गई है। उन्हें भूमि आवंटन की प्रक्रियाओं को सुगम बनाया गया है। स्वाभाविक है कि परियोजनाएं समय से पूरी हो रही हैं और राजस्थान सौर ऊर्जा की रोशनी से दमक रहा है।

राज्य की वर्तमान स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 41,189 मेगावाट तथा सौर ऊर्जा क्षमता 35,337 मेगावाट पहुंच चुकी है। देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान की भागीदारी 27.2 प्रतिशत और अक्षय ऊर्जा में 16.43 प्रतिशत है। बीते दो वर्षों में राज्य की अक्षय ऊर्जा क्षमता में 17 हजार 820 मेगावाट का इजाफा हुआ है, जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 17,326 मेगावाट है। इसके अलावा 45 गीगावाट क्षमता की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं प्रगति पर हैं। देश के सोलर हब के रूप में राजस्थान मजबूती से उभर रहा है।

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान- हमारा राजस्थान

### राजस्थान को मिले पुरस्कार

देश की सौर एवं अक्षय ऊर्जा क्षमता वृद्धि में अहम योगदान के लिए राजस्थान को वर्ष 2024 में गुजरात में आयोजित आरई-इन्वेस्ट समिट में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी तरह हाल ही नवंबर में चेन्नई में हुए विंडर्जी इंडिया-2025 सम्मेलन में भी राजस्थान को एक्सीलेंस इन विंड एवं हाईब्रिड पॉलिसी पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह स्पष्ट करता है कि भारत अब तेजी से हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है और राजस्थान इस बदलाव का आधार स्तंभ बन गया है।

### राज्य सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय

- एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024, जिसमें अक्षय ऊर्जा, बायो फ्यूल, ऊर्जा भंडारण एवं ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए प्रावधान एवं प्रोत्साहन किए गए हैं।
- रिन्यूबल एनर्जी परियोजनाओं को रिप्स-2024 के अंतर्गत विभिन्न प्रोत्साहन एवं सुविधाएं।
- प्रदेश में वर्चुअल नेट मीटरिंग एवं ग्रुप नेट मीटरिंग को अनुमत किया गया। इसके अंतर्गत अब वे लोग भी सौर ऊर्जा से जुड़ सकेंगे, जो स्वयं की छत नहीं होने के कारण अब तक इससे वंचित थे।
- विभिन्न सौर एवं अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं तथा सोलर पार्कों के लिए 1.32 लाख हेक्टेयर भूमि का आवंटन।
- राइजिंग राजस्थान निवेश समिट में एनर्जी सेक्टर में सर्वाधिक 28 लाख करोड़ का निवेश।
- केंद्रीय उपक्रमों के साथ 43,238 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा एवं परंपरागत ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एमओयू।

### विकेंद्रित सौर ऊर्जा में भी सिरमौर

सौर ऊर्जा में राजस्थान के बढ़ते प्रभुत्व के पीछे सोलर पार्कों तथा सौर परियोजनाओं के साथ-साथ पीएम-कुसुम एवं पीएम सूर्यघर जैसी योजनाओं का ठोस क्रियान्वयन भी है। इन योजनाओं से राज्य में विकेंद्रित सौर ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा मिला है। कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के अंतर्गत बीते दो वर्ष में प्रदेश की गांव-ढाणियों में 2345 मेगावाट क्षमता से अधिक की ग्रिड कनेक्टेड 1047 लघु सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। इस दृष्टि से राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह कम्पोनेंट-बी में 51,927 (कुल 1.15 लाख) ऑफ ग्रिड सोलर पंप स्थापित किए जा चुके हैं। इस योजना के माध्यम से किसान अब डीजल पंपों से मुक्ति पा रहे हैं और सस्ती एवं प्रदूषण रहित सौर ऊर्जा को अपना रहे हैं। ग्रिड कनेक्टेड संयंत्रों से करीब 1 लाख 54 हजार से अधिक किसानों को खेती के लिए दिन में बिजली मिल रही है। इसी तरह पीएम सूर्यघर योजना में दो वर्ष से भी कम समय में प्रदेश में 441 मेगावाट क्षमता के 1 लाख 9 हजार 209 रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाए जा चुके हैं। पीएम सूर्यघर में स्थापित रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों की संख्या के आधार पर राजस्थान देश में 5वें स्थान पर है।

### पूगल में विकसित हो रहा देश का सबसे बड़ा सोलर एनर्जी पार्क

स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 के अंतर्गत राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक 115 गीगावाट अक्षय ऊर्जा तथा 10 गीगावाट की ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बीकानेर के पूगल में 5 हजार मेगावाट ऑवर बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता के साथ 2450 मेगावाट क्षमता का दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 6 हजार करोड़ रुपए के निवेश से करीब 6 हजार मेगावाट ऑवर क्षमता की 4 बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं, जिनमें देश में न्यूनतम टैरिफ प्राप्त हुई है। इस प्रकार राज्य में वृहद् क्षमता का बैटरी एनर्जी स्टोरेज तंत्र विकसित किया जा रहा है। नवंबर 2027 तक स्थापित होने वाली इन परियोजनाओं से पीक ऑवर्स की डिमांड को पूरा किया जा सकेगा और महंगी बिजली खरीद से मुक्ति मिलेगी। ऊर्जा आत्मनिर्भरता हासिल करने में यह बड़ा कदम होगा।

## स्टेट जीएसटी की प्रदेशभर में बड़ी कार्रवाई

# 110 स्थानों पर छापेमारी, लगभग 200 करोड़ की कर चोरी उजागर

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कर चोरी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति तथा स्वच्छ कर प्रशासन की मंशा के अनुरूप राज्य के वाणिज्यिक कर विभाग (स्टेट जीएसटी) द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। विभाग ने प्रदेशभर में एक साथ 110 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सर्वे कार्रवाई कर लगभग 200 करोड़ की कर चोरी का खुलासा किया है।

यह कार्रवाई विभाग के मुख्य आयुक्त कुमार पाल गौतम के निर्देश पर की गई। अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए वाणिज्यिक कर विभाग के 300 से अधिक अधिकारियों को शामिल करते हुए अलग-अलग टीमें गठित बनाई गईं, जिन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक साथ यह कार्रवाई की। विभाग को लंबे समय से सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं कि प्रदेश में प्लाईवुड, सैनेटरी आइटम, लोहा स्क्रैप, टाइल्स, खाद्य तेल, होटल, कपास, टिम्बर, रियल एस्टेट सहित कई सेक्टर्स में कुछ व्यापारी कर चोरी में संलिप्त हैं। इन्हीं सूचनाओं के आधार पर यह व्यापक अभियान चलाया गया। सर्वे कार्रवाई के दौरान कई व्यापारियों ने कर चोरी स्वीकार करते हुए स्वेच्छा से लगभग 10 करोड़ की राशि विभाग में जमा करवाई है। विभाग द्वारा जब्त दस्तावेजों के आधार पर अब विस्तृत जांच की जाएगी, जिससे आगे और भी बड़ी राशि राजस्व के रूप में प्राप्त होने की संभावना है।

### प्रदेश में पहली बार विभिन्न सेक्टर्स में एक साथ कार्रवाई

वाणिज्यिक कर विभाग राजस्थान

प्रदेश में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर विभिन्न सेक्टर्स में एक साथ कार्रवाई की गई है, जिससे कर चोरी में लिप्त व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कार्यवाही के दौरान कई स्थानों से कच्ची पर्चियां, फर्जी बिलिंग एवं अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा वर्तमान में कर चोरी के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है और आने वाले दिनों में इस प्रकार की कार्रवाई में और तेजी लाई जाएगी।

# सोनोग्राफी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'सोनोबेलिया' 18 से

### सम्मेलन में 300 से अधिक प्रतिभागी होंगे उपस्थित

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** फेटो-मेटरनल मेडिसिन एवं अल्ट्रासाउंड के क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक सम्मलेन का आयोजन जयपुर में होगा। सोनोग्राफी पर होने वाला यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'सोनोबेलिया-2025' तीसरा द्विवार्षिक सम्मेलन है। इसका आयोजन 18 से 21 दिसंबर तक अजमेर रोड, जयपुर स्थित नेस्ट रिसोर्ट में होगा। सम्मेलन की शुरुआत कार्यशाला से होगी, जिसमें उन्नत अल्ट्रासाउंड तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।

इस चार दिवसीय आयोजन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय विशेषज्ञ भाग लेंगे, जो नवीनतम शोध, तकनीकों और क्लिनिकल प्रथाओं पर व्याख्यान और संवाद प्रस्तुत करेंगे।

कार्यक्रम में उच्च-स्तरीय वैज्ञानिक सत्र, कार्यशालाएं, इंटरैक्टिव चर्चाएं और तकनीकी प्रदर्शनी शामिल होंगी। आयोजन सचिव डॉ. मनोज कुमार जैन ने बताया कि सम्मेलन में 300 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

आयोजन समिति प्रतिभागियों की सुविधा के लिए डे-वाइज रजिस्ट्रेशन सहित विशेष पंजीकरण विकल्प भी उपलब्ध करा रही है। इस सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को अद्यतन ज्ञान, उन्नत कौशल और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना है।



# राज्यपाल से भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात

- राज्यपाल ने पुलिस सेवा में मानवीय दृष्टि को बताया सबसे बड़ी पूंजी
- आमजन का विश्वास अर्जित किए जाने की सीख भी दी

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को लोकभवन में भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने इस दौरान पुलिस अधिकारियों को सेवा, समर्पण और निष्ठा से 'राष्ट्र प्रथम' की सोच से कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने पुलिस सेवा में मानवीय दृष्टि को सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए प्रशिक्षु अधिकारियों को आमजन का विश्वास अर्जित किए जाने की सीख भी दी।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25